मैं उदाहरण देना चाहता हूं कि कल महाराष्ट्र सरकार ने अकोला और बीड़ जिले में रेड डाली और लोगों को गिरफ्तार किया। वहां पर पौने दो करोड़ रुपए की दाल मिली है और जमाखोरों को जेल भेजा गया है। अरेंशियल कमोडिटीज़ एक्ट, 1955 में स्टेट गवर्नमेंट्स को बहुत ताकत दी गई है। विधि की विडम्बना है कि राज्य सरकारें, अलग-अलग पार्टियों की, बात करती हैं कि स्ट्रक्चर को और फेडरल बनाइए। सारी ताकतें राज्य सरकारों को मिलनी चाहिए, इस बात से हम भी सहमति रखते हैं। जब योजना आयोग पैसा देता है, राज्य सरकारें मांगती हैं तो उन्हें मांग से ज्यादा पैसा दिया जाता है। लेकिन राज्य सरकारों की जो जिम्मेदारी है, मेरे नज़रिये से उसे उन्होंने ठीक से नहीं निभाया। मैं आपको उदाहरण देना चाहता हूं कि जब कोई अच्छी फिल्म निकलती है और लोगों को वह पसन्द आती है तो अभिनेताओं एवं फिल्म निर्माताओं को खुश करने के लिए उसे टैक्स फ्री घोषित कर दिया जाता है। राज्य सरकारें पिक्चरों को टैक्स फ्री घोषित कर सकती हैं, लेकिन दाम को कम करने के लिए और गरीबों की सहायता करने के लिए राज्य सरकारों ने अभी तक कोई कदम नहीं उठाया है। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि आप इन राज्य सरकारों को सचेत करें।

Sir, the Government of India has realised the urgency. We have banned the export of wheat. We have banned the export of non-basmati rice, increased the minimum export price on basmati from $ 1100 to $ 1200.

Regarding the Central issue price, I would submit that it has not been increased since 2002. For the BPL families, wheat is available at Rs.4 a kilogram and rice at Rs.5 a kilogram. Under the Antyodaya Anna Yojana, wheat is available at Rs.2 a kilogram and rice at Rs. 3 a kilogram. So, to protect the poor, the Targeted PDS has been launched. Wheat, rice, sugar and kerosene are allocated to States to distribute them through the Fair Price Shops. It is a known fact that the PDS needs overhauling. But, to my mind, just increasing the amount of money and foodgrains to PDS is not the solution. The solution – both short-term and long-term – is to make sure that the delivery mechanism is more effective, there are checks and balances and every State Government is accountable to tell on record, in tangible terms, how much food grain was lifted, at what price and how much was given through the Fair Price Shop to the most needy and the most poor people.

Now, I want to state one of the few steps taken in this regard. I do not want to get into the whole network of numbers and data. But it is important for the House to know that the customs duty on import of pulses was made zero. For maize, the customs duty was reduced from 15 per cent to zero. Export of pulses was banned. The import duty on crude, edible oil was made zero. The import duty on refined oil and vegetable oil was reduced to 7.5 per cent. The customs duty on ghee and butter was reduced from 40 per cent to 30 per cent.

The other aspect in which the RBI also has helped to a certain extent is by reducing the liquidity. The Cash Reserve Ratio was increased from seven to seven-and-a-half per cent. This resulted in taking away Rs.30,000 crore of liquidity from the market to bring down inflation. फ्यूचर मार्केट के ऊपर बहुत चर्चा हुई। इस पर एक कमीशन बैठा हुआ है और वह अध्ययन कर रहा है कि करना चाहिए या नहीं करना चाहिए, लेकिन सरकार ने गेहूं और चावल पर पहले से बैन लगा दिया कि फ्यूचर ट्रेडिंग नहीं होगी। अर्थशास्त्री बोलते हैं कि इससे दामों पर कोई फर्क नहीं पड़ता और कई लोग बोलते हैं कि फर्क पड़ता है।

महोदय, मेरी दृष्टि में इस बात का अध्ययन हम करते रहें, लेकिन देश में यह संदेश जाना जरूरी है कि यह सरकार और सदन महंगाई से चिन्तित है। फर्क पड़ता हो या न पड़ता हो, मैं सरकार से अनुरोध करूंगा कि फ्यूचर ट्रेडिंग पर फिलहाल रोक लगा दें और बाद में इसका अध्ययन करें। अगर यह सही हो तो इसे दोबारा चालू कर दें, लेकिन आज यह संदेश देश में जाना बहुत जरूरी है कि महंगाई को काबू में करने के लिए सरकार ने ठोस कदम उठाया है, यह मेरा सरकार से निवेदन है।

महोदय, हम सब लोग इस बात से चिन्तित हैं और मैं आपके माध्यम से सदन और पूरे देश को बताना चाहता हूं कि आज यूपीए की सरकार दिल्ली में शासन में है। हम लोग जब सत्ता में आए थे तो एक वचन और प्रतिबद्धता लेकर आए थे कि हम लोग आम आदमी के साथ रहेंगे और गरीबों की सेवा करेंगे। यह बात सच है कि महंगाई हमारे सामने है, लेकिन यह बात भी सच है कि इस सरकार ने महंगाई कम करने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ी है।[s19]

सभापति महोदय, [r20]राजनीति करने के लिए, बड़े-बड़े भाषण देने के लिए, लोगों का मन जीतने के लिए, लोगों को भ्रमित करने के लिए, अगर विपक्षी पार्टियां बड़े-बड़े होर्डिंग लगाती हैं, लोगों को टेलीविजन पर कोसती हैं, मंत्रियों के काम में गलतियां निकालती हैं, तो इसको लोग जानते हैं कि कौन राजनीति कर रहा है और कौन असली काम कर रहा है। मैंने आपके समक्ष जो आंकड़े प्रस्तुत किए, कस्टम ड्यूटी, इम्पोर्ट ड्यूटी पर बैन लगाया गया है, यह सब इसे देखते हुए किया गया है कि आम आदमी तक मदद पहुंच सके। हकीकत यह है कि जब महंगाई बढ़ती है, तो जो मिडिल क्लास है या उससे ऊपर वाला है, वह थोड़ी-बहुत कटौती कर के अपना जीवन बिता सकता है, लेकिन जैसा श्री गुरुदास दासगुप्ता जी ने कहा, जो गरीब आदमी है, जो बिलकुल गरीब है, जो बी.पी.एल. है, उस पर सबसे ज्यादा मार पड़ती है। जो मार खाता है, वह किसी का वोटर नहीं है। वह बी.जे.पी., लैफ्ट पार्टी या हमारा वोटर नहीं है, वह देश का नागरिक है और उसकी सुरक्षा करना, उसके मुंह तक अन्न पहुंचाना, इस सरकार की कांस्टीट्यूशनल जिम्मेदारी है। मैं आपको इस बात का आश्वासन देना चाहता हूं कि यह सरकार अपनी जिम्मेदारियों से कभी पीछे हटने वाली नहीं है।

महोदय, यह कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व की सरकार है। जब सरकार बनी थी, तो कांग्रेस पार्टी को स्मरण था कि इंदिरा गांधी ने जब इस देश में राज किया था, तो गरीबी हटाओ का नारा दिया था और ये वही इंदिरा गांधी थीं, जिन्होंने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया था। ये वही इंदिरा गांधी थीं जिन्होंने गरीबों का हाथ थामा था। ये वही इंदिरा गांधी थीं जिन्होंने इस देश में राजा-महाराजाओं का प्रिवीपर्स बन्द कर के देश से तानाशाही खत्म की थी। यह सरकार, हमारी सोच, कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व वाली यू.पी.ए. की सरकार, हमारी प्रतिबद्धता और हमारा वचन जनता के साथ है। इस महंगाई को आने वाले समय में राज्य सरकारों की मदद से और पूरे सदन की मदद से, पूरी निष्ठा और पूरी जिम्मेदारी से महंगाई पर रोक लगाएंगे, इस बात का मैं आपको आश्वासन देना चाहता हूं।

महोदय, मैं इस सदन का इसलिए धन्यवाद करना चाहता हूं कि यहां एक ऐसे मुद्दे को उठाया गया है, जो आज जनता की नब्ज को छूता है। हम लोग अपनी राजनीति भूलकर, इन आंकड़ों के खेल में न पड़कर, एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप न लगाकर, अगर मिलकर कार्रवाई करेंगे, तो पूरा देश इस बात को समझेगा और राजनेताओं की जो छवि है, उसे सुधारने का यह एक अच्छा मौका मिला है। मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि जो भी राज्य सरकारें हैं, चाहे वे किसी भी पार्टी की हों, उन्हें इस बात का अहसास होना चाहिए कि उनकी भी इसमें एक भूमिका है और आज पूरा देश देख रहा है कि हम सब मिलकर, सारी पार्टियां मिलकर कैसे इस महंगाई से लड़ सकती हैं और इसे कैसे मिटाएंगी।

अन्त में, मैं आपको समय देने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं ।

SHRI KHARABELA SWAIN : Shri Pilot, I hope you will remain present in the House when we reply to your question.

SHRI SACHIN PILOT : I will not yield. But you can speak.

SHRI BASU DEB ACHARIA : The mandate of the people in 2004 Lok Sabha elections was not in favour of any particular political formation, but it was clear that people of our country gave mandate for change of the policy, the anti-people policy that was being pursued by the NDA Government. But the UPA Government failed to implement or honour the mandate of the people of our country. Sir, the greatest failure, the biggest failure of UPA government is that it is not able to control and contain the rising prices of almost all the essential commodities. The prices of essential commodities are increasing every day. Even after the presentation of the Budget, there had been an increase of 10 to 20 per cent in respect of all the essential commodities and the suffering of the majority of the working people, most of whom are in the unorganized sector which numbers 37 crores, has increased. They do not have any protection from inflation. Inflation is rising. When this discussion was admitted, the inflation was only 4.11 per cent, at that point of time. Today, when the House has taken up this issue, it has risen to 7.41 per cent. [r21]

Sir, inflation is increasing every week. What has the Government done so far? They have convened a meeting of the Cabinet Committee on Prices to take a decision to ban export of certain commodities and reduction of customs duty on certain other commodities. But that decision has no impact on the prices of essential commodities.

Sir, the price rise is a direct outcome of new liberal policy of the Government which is being pursued since 1991 when the policy of economic reforms was adopted. There has been wilful neglect of agriculture under this new liberal policy. What has happened to our agriculture sector? Why is there a crisis in the agrarian sector? For years together under the NDA regime, the capital formation on agriculture was reduced. There has been stagnation in the expansion of irrigation and it had its impact on our agricultural production. The growth in agricultural production came down by less than 2 per cent. In one year it was 1.87 per cent less than the growth in population. This has happened because of neglect of agriculture in our country and during these years 8 million hectares of agricultural land where foodgrains were grown have been shifted for other cultivation. As a result of this, there has been deceleration in agricultural production and so there is a crisis in the agriculture sector now. Even today, farmers are committing suicide in our country. Due to the crisis in agriculture and also because of deceleration in the growth of agriculture sector, there has been stagnation in the production of cereals, pulses, oilseeds and also vegetables. In 2007-08 there has been an increase in the production of wheat, but despite that there has not been enough procurement by the Food Corporation of India.

The second point I would like to make is – it has been raised in this House a number of times - with regard to the weakening and virtual destruction of the Public Distribution System. It started in 1990s when the population was divided as APL

and BPL. From Universal Public Distribution System it was converted into Targeted Public Distribution System. What had been done during the NDA regime since 1998? The prices of wheat, rice, sugar and kerosene which are supplied through the Public Distribution System were increased. In the case of APL people, we consider that the estimate of poverty is done under a flawed system.

Sir, what happened during the NDA regime? How was the price of wheat for APL consumers worked out?[R22] [r23]The price was fixed by calculating the full expenditure, the complete economic cost for procurement, for storage and for distribution.

What we have seen in 1998, 1999, 2000 and 2001 was that the price of wheat or rice supplied through Public Distribution system for Above Poverty Line people was more than the market price. Gradually, the allotment under the Public Distribution System was also reduced in one year. Around 137.6 lakh tonnes in 2006-07 was drastically cut in one year.

The Common Minimum Programme of the UPA Government promised that the UPA Government would work out, in the next three months, a comprehensive medium or strategy for food and nutrition security and the objective would be to move towards universal food security over time, if possible. Four years later, this remains unfulfilled. Then again, it has been stated in the Common Minimum Programme that all efforts should be made to strengthen the Public Distribution System.

What is happening today is that although the price has not been increased, the food subsidy is gradually being reduced. Although, there is an increase of food subsidy of 3.5 per cent over last year in the Budget presented by the Finance Minister for the year 2008-09, it is in the backdrop of 7.41 per cent of inflation. That means, in actual terms, the food subsidy that is being provided has been reduced.

The Central allocation has also been drastically cut, particularly for West Bengal and Kerala. It is not only true for these two States, but it is true for other States also. In the case of West Bengal, the reduction in wheat allocation was done to the extent of 50 per cent and in the case of Kerala the reduction in rice is to the extent of 82 per cent.

Sir, you know, Kerala does not produce more rice. They have to depend on the Central allocation and if 82 per cent is deducted then how will the Government be able to control the rising prices.

The main purpose is to exclude a substantial percentage of population from the Public Distribution System, which was started from National Democratic Alliance regime. The section of population that constitutes the entire APL category is now virtually out of the food security system.

The National Sample Survey has released the data and it shows that 70.5 per cent of the rural households, 52 per cent of all agricultural workers' households, 60.7 per cent of rural Scheduled Castes' households and 55.4 per cent of tribal households either have no ration cards or only APL cards.[r24]

Sir, it has thus effectively excluded them from the Public Distribution system. There is a massive exclusion. Seventy per cent of the population which is excluded from the Public Distribution System can be reversed by universalising the Public Distribution System and this has been committed under the Common Minimum Programme.

Sir, the methodology of poverty estimation followed by the Government and the process of identification of families below poverty line are deeply flawed. That is why, the Left Parties are consistently demanding that there should be a change in the process of identifying BPL category population. According to the estimate of the Planning Commission, only 27.5 per cent of our population is BPL. This has been done in 2004-05. The National Commission of Enterprises in the Unorganized Sector, under the Chairmanship of Dr. Arjun Sengupta, made an estimate on the basis of the National Sample Survey data of 2004-05. They have noted that 77 per cent of India's total population, that is 83.6 crore persons, spends less than Rs. 20 per head per day.

Recently, the National Family Health Survey have also shown that 40 per cent of India's population under three years of age and more than one-third of women are underweight, and 70 per cent of the children and 55 per cent women in India are anaemic.

I would like to quote the Report of the National Commission of Enterprises:

> "From 1993 to 2005, the share of marginal group has hardly changed while the share of the vulnerable increased from 32 per cent to 36 per cent. The overall gain has been quite limited from a staggering 82 per cent to just 77 per cent. Given the increase in population, even this gain has not meant a decrease in the total burden because the total population of the poor and vulnerable increased from 733 million to 836 million. Much of the reduction in poor is in the groups of extremely poor and the poor but they remained within the overall category of the marginal and vulnerable."

The Report says: "77 per cent, totaling 836 million people, with an income roughly Rs. 20/-, as the poor and the

vulnerable segment of the Indian population. Thus, the estimation methodology for poverty line, which is being adopted, is a flawed system of methodology. There is a need for a change in the methodology of determining or identifying people living below the poverty line.

Sir, there has a persistent demand for withdrawal of forward and future trading. [H25]

14.00 hrs.

There is a Standing Committee on Food and Consumer Affairs, whose Chairman is Shri Devendra Prasad Yadav. Today, he has presented the Report, where he has reiterated the earlier recommendation that the Future and Forward Trading for 25 essential commodities should be withdrawn. But while presenting the Budget for 2007-08, the Finance Minister announced the withdrawal of Future and Forward Trading in case of only two commodities. He appointed a Committee under the chairmanship of Dr. Abhijit Sen. I do not know whether that Committee has submitted its Report or not. But what is happening today? When there is a demand from this House and when there is a unanimous recommendation from the Standing Committee on Food and Consumer Affairs, why is the Government so hesitant to withdraw them from the Future and Forward Trading? Why is the Government not taking a firm stand in regard to withdrawal of 25 essential commodities from the Future and Forward Trading? Just because of this, there is a speculation going on. There is a hoarding and black-marketing going on.

The Essential Commodities Act was diluted during the NDA Government regime. There is a consistent demand to strengthen this Act so that the State Governments could be strengthened to act against the hoarding and black-marketing. Why is the Government hesitant to amend this Act, to strengthen this Act and enforce this Act so that the hoarding and black-marketing could be stopped?

Moreover, the Food Corporation of India is not coming forward; it is not acting properly to procure the food grains. Last year, the Food Corporation of India could procure only 35 per cent of its target. Now, a substantial percentage of food grains produced in our country is being cornered by certain corporate sector and certain private sector. There is no limit for their Central stock as to how much they can keep. That is why in its 23rd Report, the Standing Committee has categorically recommended that there should be some ceiling. But no action is being taken against those who are hoarding and artificially increasing the prices.

MR. CHAIRMAN : Mr. Acharia, you have already spoken for 20 minutes. How much time do you require? Do you require all the six hours?

SHRI BASU DEB ACHARIA : Sir, I want another 10-11 minutes.

The prices of petrol and diesel were increased eight times. Was there a need for increase in the prices of petrol and diesel? We, particularly, the Left parties have been suggesting in this regard that there should be restructuring of duty and cess. Now, in one year in 2007-08, the Government of India collected Rs. 40,000 crore on import duties on oil, which is more than what was budgeted. We demanded, suggested and asked that these Rs. 40,000 crore should be given to the nationalized oil companies so that the retail price of petrol and diesel would not have to be increased.[r26]

We have also suggested that the Government should reconsider the *ad valorem* structure of customs and excise duty increase in the prices of petroleum products. What is happening? Whenever there is an increase in the prices of petrol and diesel, the Government also gets more revenue because of *ad valorem* excise duty and cess. So, the Government has not agreed to our suggestion. It is because the increase in the prices of petrol and diesel has its cascading effect on other commodities. So, what we demand is that the Government should consider changing or restructuring the tax and cess in case of petrol and diesel.

The situation is very grave as far as the lots of the people are concerned. Today, they go to bed in empty stomach. The prices increase at such a rate that you will find there is increase in the prices of all the vegetables and pulses. A situation has come that today the *per capita* availability of pulses has gone down. The *per capita* availability of pulses has come to such a situation as it was available at the time of Second World War. Pulses are the poor man's protein. If the prices of all the pulses increase, starting from Rs.50 to Rs.80, how can 70 per cent of the population survive? Can the Government remain indifferent to such a situation?

Today we have seen the Statement of the Finance Minister. He says he does not know when again the Cabinet Committee on Prices will be convened. He is hopeful that inflation can be contained and controlled. You will remember while replying to a debate on 23rd May, 2005, the Finance Minister assured this House that Government would take every effort not only to make essential commodities available to the people of our country but also at affordable prices.

MR. CHAIRMAN : Now, the Essential Commodities Act is in the cold storage.

SHRI BASU DEB ACHARIA : Yes, Sir. That is why, we are demanding that the Government should come forward to bring amendment and strengthen the Act. Why?...(*Interruptions*)

SHRI MADHUSUDAN MISTRY (SABARKANTHA): Your State has not taken any action.

SHRI BASU DEB ACHARIA : This is not the recent development. This House had discussed it for the first time on 4th of December, 2004. I initiated the debate. Then, again a number of times, while replying, assurances were given but no concrete action has ever been taken by the United Progressive Alliance Government to control and contain the prices, although it has committed.[m27]

Sir, we are extending support. We are giving support. The Left Parties are giving support to this Government to implement what is contained in the Common Minimum Programme. The Common Minimum Programme in an unambiguous language has stated on food security, universalisation etc. ...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : Please conclude now.

SHRI BASU DEB ACHARIA : They said they would do it in three months not three years. They said abut comprehensive medium term strategy for food and nutrition security. I would like to know from hon. Minister Shri Sharad Pawarji as to how much time this Government will take for a comprehensive medium term strategy for food and nutrition security. What steps Government has taken in this regard? I would like to know this from the Government.

Sir, what is needed to have an assault on the rising prices of essential commodities is the expansion of the Public Distribution System. More and more commodities, not only wheat and rice, but also some other items like pulses, edible oil – all these are to be included in the list of Public Distribution System. Fifteen items should be included in the Public Distribution System. You have assured this House that the Government will take steps not only to strengthen but to increase the number of items to be supplied through Public Distribution System.

What is required is universalisation; this APL and BPL, above and below poverty line things should be abolished and 85 per cent of the population should be brought under the Public Distribution System. They should be supplied with essential commodities at a cheaper rate.

Sir, I would like to suggest to this Government that the Public Distribution System should be strengthened and it should be universalised. ...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : It is possible only if there is intervention in the market. Government is not intervening.

...(*Interruptions*)

SHRI BASU DEB ACHARIA : Sir, I am talking of Kerala and other States. My suggestion is this. You restore cut in foodgrain allocation to the States under the Public Distribution System and include 15 essential commodities including pulses, edible oil and sugar in the Public Distribution System.

MR. CHAIRMAN : Shri Basu Deb Acharia, please conclude.

SHRI BASU DEB ACHARIA : Secondly, you ban future' trading in 25 agricultural commodities as proposed by the Parliamentary Standing Committee on Food, Consumer Affairs and Public Distribution System under the Chairmanship of Shri Devendra Prasad Yadav.

My third suggestion is, you cut custom and excise duties on oil and reduce retail prices of petrol and diesel. My next and the most important suggestion is – take stringent action against hoarding of essential commodities and strengthen the provisions of the Essential Commodities Act to empower the State Governments to deal with hoarding and blackmarketing.

Sir, people of this country have voted out NDA Government because they wanted a change in the economic policy. During these four years, this Government also is pursuing the same new liberal economic policies and because of that it had its adverse impact on the prices also, on agricultural and other fronts also. ...(*Interruptions*)

Therefore, the Government should re-think about it. There is a need for introspection also.

MR. CHAIRMAN : Please conclude.

SHRI BASU DEB ACHARIA : Sir, I demand that the Government should come forward and tell us what action they would take in regard to the four suggestions which we have made. We have been making suggestions for several months to contain and control

the prices so that poorer section and the middle-class section of our country, whose real income is not increasing, does not face any problem.

MR. CHAIRMAN: You have taken 35 minutes.

SHRI BASU DEB ACHARIA : Today, what has happened to the middle-class people? Their monthly budget has increased because of increase in prices of essential commodities, but there is no increase in their real income. Their monthly budget has increased by Rs. 845. So, there is an urgent need that the Government should not sleep over the suffering of the people. Now the country is divided between suffering India and millionaire India. Now, 85 per cent people are adversely affected because of rising inflation, because of rise in prices of essential commodities. There is a need to take an urgent action.

We are not here for the sake of discussion only. We demand that while replying to the debate, either the Finance Minister or the Minister of Consumer Affairs, Food and Public Distribution tells us and assures us about the action to be taken on the suggestions made by us in regard to tackling the problem of price rise.

MR. CHAIRMAN: Your speech is not better than the price rise. We can tolerate price rise, but your speech is taking too much time.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Shri Mohan Singh. I think, you will be very tolerable and reasonable.

श्री मोहन सिंह : सभापति जी, आप चिंतित न हों। जैसे इस देश के जमाखोर और मुनाफाखोर इस सरकार से नहीं डर रहे हैं, वैसे ही सरकार को हमारे गुरुदास दासगुप्त जी और आचार्य जी से बिल्कुल भी नहीं डरना चाहिए, क्योंकि ये गरजने वाले बादल हैं, बरसने वाले नहीं हैं।

इस सदन में हर साल महंगाई के ऊपर चर्चा होती है। हर बार इतनी ही जोर से इन लोगों द्वारा दहाड़ लगाई जाती है, लेकिन परिणाम कुछ नहीं निकलता है। इन्होंने न्यूक्लियर डील के मुद्दे पर जिस तरह से सरकार को धमकाया, उसी तरह से प्राइस राइस पर भी धमकाते, तो मैं समझता हूं कि प्राइस राइस चैक हुआ होता और उसकी रफ़्तार कम होती। मैं मानता हूं कि इसके लिए सरकार ही जिम्मेदार नहीं है, बल्कि जिस बैसाखी पर वह टिकी हुई है, वह उससे अधिक जिम्मेदार है, ऐसी मेरी मान्यता है।

इस देश में सरकार का नियंत्रण किसी भी चीज पर नहीं है, क्योंकि जब उसने अपनी आर्थिक नीतियों में परिवर्तन कर दिया और एक उन्मुक्त अर्थव्यवस्था को स्वीकार कर लिया, तो किस मुंह से किसे आप नियंत्रित करने की बात कहेंगे। इसका सरकार के पास कोई जवाब नहीं है। पिछले साल सीमेंट के दाम बढ़ने लगे तो सरकार ने अपनी तरफ से सीमेंट निर्माताओं को कंसेशन दिया और धमकाया भी कि यदि सीमेंट के दाम कंसेशन के बाद भी कम नहीं किए गए तो हम वह छूट वापस ले लेंगे। स्वयं वित्त मंत्री जी ने और व्यापार तथा वाणिज्य मंत्री जी ने देश के सीमेंट कारखानेदारों के साथ बैठक की। उन्होंने सरकार की ओर से दी हुई सुविधा के साथ चेतावनी भी दी, लेकिन सारे सीमेंट कारखानेदारों ने सरकार के अस्तित्व को मानने से इनकार कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी कीमत पर हम सीमेंट के दाम नहीं घटाएंगे और सरकार खामोश होकर बैठ गई। वहीं हालत इस साल हुई। इस्पात के मामले में इस्पात मंत्री जी रोज धमकी देते रहे कि रैगुलेटरी अथॉरिटी बनेगी। उनकी उन्होंने बैठक बुलाई और कहा कि एस्मा लगाएंगे। उन्होंने भी कह दिया कि एस्मा लगाने की हैसियत हो तो लगा लो। नतीजा हुआ कि साल भर में छड़ की कीमत ढाई-गुना बढ़ गयी, तीन सौ रुपये क्विंटल का दाम बढ़कर पांच हजार से ऊपर हो गया। मैं समझता हूं कि सरकार का किसी भी चीज के ऊपर नियंत्रण नहीं है। इस सरकार से कोई भय नहीं खाता है, उसका कारण यह है कि इस प्राइस-राइज के समय सरकार ने अलग-अलग तरह के वक्तव्य दिये हैं। माननीय कृषि मंत्री जी के सहयोगी मंत्री जी ने वक्तव्य दिया कि भारत में लोगों की फूड-हैबिट्स बदल गयी हैं इसलिए देश में खाद्यान्न का कंजम्शन बदल गया है और दाम बढ़ रहे हैं। यदि दुनिया के आंकड़ें आप निकालें तो हमारे देश में स्वस्थ रहने के लिए एक आदमी को जितनी खुराक और खाद्यान्न चाहिए, चीन, अमेरिका और कनाडा के मुकाबले में वह केवल आधी मिलती है, पूरी खुराक नहीं मिलती है। फूड-हैबिट्स किसकी बदली हैं? आज भी गांव का गरीब आदमी मुश्किल से एक आलू और एक रोटी पर अपनी जिंदगी बसर करता है, बहुत से लोगों के पास तो आलू भी नहीं है और वह रोटी के ऊपर नमक लगाकर अपनी गुजर-बसर करता है। उसकी फूड-हैबिट्स में क्या बदलाव आया है? इस देश की सरकार उन संभ्रांत परिवारों के इर्द-गिर्द घूमती है जिनके पास सब-कुछ है और उन्हीं की सुविधा के लिए सरकार सब कुछ करती है। इसलिए हम इस बात के लिए चिंता प्रकट करते हैं कि इस देश के अंदर जो गरीब आदमी के खाने की दाल सबके लिए सुलभ है वह भी 80 रुपये किलो हो गयी है। आप कहते हैं कि यह तो टैंपेरी फेज है, थोड़े दिन में भाव में कमी आयेगी तो 80 रुपये प्रति किलो का भाव 75 रुपये हो जाएगा, पांच रुपये की राहत गरीब को हो जाएगी और सरकार भी सकून से सोने लगेगी कि गरीब आदमी को पांच रुपये की राहत मिल गयी। हम आपके जरिये से सरकार से निवेदन करना चाहते हैं कि सरकार को थोड़ा जगना होगा और यह संदेश देने का काम सरकार को बंद करना पड़ेगा कि यह इंटर-नेशनल फिनोमिना है, सारी दुनिया में जरूरी चीजों के दाम बढ़ रहे हैं। हम पूछना चाहते हैं कि आज कनाडा में जो गेहूं का भाव है क्या भारत में भी वही भाव है। इस देश में हमने पिछले 40 वर्ष से यही सुना है कि किसान के घर में जब गेहूं आता है तो बाजार में गेहूं की कीमत घट जाती है, लेकिन पहली बार हम सुन रहे हैं कि जब रबी की फसल बाजार में आई, तो रबी जिन्सों के दाम आसमान छू रहे हैं। जब दलहन की फसल हमारे घर आई तो दलहन के दाम आसमान छू रहे हैं। इसके मायने ये हैं कि आज तक अर्थशास्त्र के जितने सिद्धांत थे, इस सरकार के जमाने में वे सारे सिद्धांत उलटी दिशा में बह रहे हैं। इस बारे में सदन को गंभीरतापूर्वक सोचने की जरूरत है।

बार-बार इस बात को कहने से काम नहीं चलेगा कि जमाखोरी को रोकना, कालाबाजारियों को पकड़ना केवल राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है। जब आपने वायदा-कारोबार में, कानूनन इस बात का अधिकार दे दिया कि दो-चार खाद्यान्नों को छोड़कर, वायदा-कारोबार खाद्यान्न के सभी क्षेत्रों में होगा, तो आप उन जमाखोरों को कैसे पकड़ सकते हैं? यदि पकड़ेंगे भी तो कल उनकी जमानत हो जाएगी। आवश्यक वस्तु अधिनियम को डि-फ़ंक्ट बनाने का काम कर दिया गया है, उसका इस्तेमाल होता ही नहीं है। इसलिए हम कहना चाहते हैं कि वायदा-कारोबार पर सरकार को हफ्ते भर के भीतर नियंत्रण लगाने और उसको स्थिर करने का काम करना चाहिए। यह दोनों के लिए आत्मघाती है। मैं निजी तौर पर कह सकता हूं कि जो खाद्यान्न के कारोबारी हैं वे भी मर रहे हैं, दिवालिया हो रहे हैं। जो किसान हैं उनको वायदा-कारोबार के जरिये इस बात का आश्वासन दिया गया था कि उन्हें उनकी उपज की मुनाफेदार कीमत मिलेगी। लेकिन मैं समझता हूं कि ऐसा नहीं हो रहा है।

दूसरी बात यह है कि एक सप्ताह पहले एक गैर-सरकारी एजेंसी ने आपके आंकड़े प्रकाशित किये कि इस देश का चार लाख टन खाद्यान्न पिछले 6 महीने में यहां से

नेपाल चला गया। भारत की सरहद नेपाल से खुली हुई है। हमारे पड़ोस के देशों में खाद्यान्न की बहुत कमी है। बर्मा, बंग्लादेश, नेपाल और अफगानिस्तान में खाद्यान्न की कमी है। जब तक उन देशों में फूड-सिक्योरिटी की जिम्मेदारी कानूनी तौर पर भारत सरकार नहीं समझेगी, मैं समझता हूं कि खाद्यान्न की तस्करी रुक नहीं सकती है। [r28] [r29] जितने वायदा कारोबारी हैं, उन सबने हमारे देश के खाद्यान्न को देश से बाहर भेजा है।

दूसरी बात मैं कहना चाहता हूं कि हमारे देश में खाद्यान्न की कमी नहीं है, लेकिन रोज उनके दाम बढ़ रहे हैं। बाजार में आप जाएं, जितनी चाहे आप दाल खरीद सकते हैं, जितना चाहे आप आटा खरीद सकते हैं, जितना चाहे चावल खरीद सकते हैं। हमारे देश में इस साल चावल का सरप्लस उत्पादन हुआ है। हमारे पास दो करोड़ से अधिक बफर स्टॉक चावल का है, लेकिन मैं पूछना चाहता हूं कि फिर भी इसके दाम क्यों बढ़ रहे हैं? मैं समझता हूं कि सरकार की किसी प्रकार की दहशत इनकी कालाबाजारी करने वालों के ऊपर नहीं है। इसके चलते वे मनमाना दाम बढ़ाते चले जा रहे हैं। भारत सरकार इस सदन में बजट पेश कर रही थी। एक सुनहरे बजट का सपना इस देश को दिया था कि हमारे देश में अमन चैन हो जाएगा और दुनिया की अर्थव्यवस्था में ऊंची छलांग लगाएगा। लेकिन ठीक दूसरे दिन सारी चीजों के दाम इस देश में बढ़ने लगे।

मैं उन सभी साथियों का समर्थन करता हूं, जिन्होंने इस बहस को शुरू किया है और इसी के साथ मैं सरकार से इस तरफ ध्यान देने का निवेदन भी करूंगा। हम सरकार के हमदर्द हैं, सरकार के विरोधी नहीं हैं, लेकिन यदि सरकार के रहते जनता की तकलीफ इसी तरह बढ़ेगी, तो सरकार को तो नुकसान उठाना ही पड़ेगा, सरकार के हमदर्द भी घाटे में रहेंगे। माननीय मंत्री जी मैं आपको सावधान करना चाहता हूं कि इस देश में बढ़ती हुई गरीबी, खाद्यान्न की कमी और कमर तोड़ महंगाई यदि तीनों चीजें साथ-साथ चलीं, तो मैं समझता हूं कि आपकी सरकार, आपके सहयोगी तथा आपकी पार्टी के सभी साथी, जो सदन में जनता का प्रतिनिधित्व करते हैं, उनका राजनैतिक भविष्य बहुत ही अंधकारमय हो जाएगा। मैं सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि वह सावधान हो जाए, हथियार मत डाले। प्रधानमंत्री जैसे बड़े पद पर बैठे व्यक्ति के जरिए यह कहना कि दुनिया में दाम बढ़ रहे हैं, इसलिए भारत में बढ़ते हुए दामों को रोक पाना कठिन

काम है, मैं समझता हूं कि एक गलत संदेश इस देश के कालाबाजारियों को गया है और इस तरह के गैरजिम्मेदराना वक्तव्य बड़े पदों पर बैठे हुए लोगों को क्राइसिस के समय नहीं देना चाहिए।

इस अपील के साथ मैं आपको, क्योंकि आपने बहस में चर्चा करने का मुझे अवसर प्रदान किया, धन्यवाद देता हूं।

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव (झंझारपुर) : महोदय, माननीय सदस्यों ने महंगाई के लिए चिंता व्यक्त की है। मैं समझता हूं कि गुरूदास जी ने काफी मुद्दों को उठाया है। बढ़ती हुई महंगाई देश के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है, क्योंकि महंगाई का असर सभी लोगों पर पड़ता है। यह कमरतोड़ महंगाई है तथा बेलगाम होती जा रही है। इस पर नियंत्रण पाने के लिए सरकार ने भी कई कदम उठाए हैं, लेकिन ये कदम प्रभावी क्यों नहीं हो रहे हैं, यह गंभीर सवाल है।

दूसरी बात यह है कि इसके क्या कारण हैं तथा इसके क्या समाधान होने चाहिए। महंगाई की समस्या पर विस्तृत चर्चा हुई है कि किस तरह से खाद्यान्न की कीमतों में वृद्धि हुई है।

14.29 hrs. (Shri Mohan Singh *in the Chair*)

किस तरह से कच्चानिया उत्पादन का दाम बढ़ा है। तुलनात्मक तरीके से महंगाई पर कैसे नियंत्रण करना चाहिए, यह सरकार के लिए चुनौती है। हमारे देश में होल सेल प्राइज इंडैक्स के आधार पर महंगाई को मापा जाता है।

महोदय, यह महंगाई का सही माप नहीं है। जब होल सेल प्राइज इंडैक्स के आधार पर महंगाई को मापा जाएगा, तो यह सही माप नहीं होगा। होल सेल प्राइज इंडैक्स से महंगाई सही ढंग से रिफलेक्ट नहीं होती है। दूसरे विकसित देश महंगाई को नापने के लिए कंज्यूमर प्राइज इंडैक्स का इस्तेमाल करते हैं। कंज्यूमर प्राइज इंडैक्स के जरिए महंगाई की सही तस्वीर उभरकर सामने आती है। 80 के दशक में मुद्रास्फिति की दर 9 प्रतिशत थी, जबकि जीडीपी केवल 5 प्रतिशत थी। दो वर्ष पहले विकास दर 8 प्रतिशत तक पहुंची थी, फिर भी मुद्रास्फिति की दर 4 प्रतिशत तक ही सीमित रही। कई बार आंकड़ों का खेल खेला गया। मैं इसीलिए कहना चाहता हूं, क्योंकि मैं जानना चाहता हूं कि महंगाई का असली कारण क्या है? क्या ऊंची विकास दर इसका कारण है? सरकार को महंगाई के सभी कारणों को ढूंढ़ना चाहिए, क्योंकि यह कहना ठीक नहीं है कि विकास की ऊंची दर महंगाई का कारण है। अगर यही सही है, तो देश की जनसंख्या, जो महंगाई से जूझ रही है, उन्हें निजात दिलाना बहुत कठिन है। महंगाई को रोकने को प्राथमिकता देनी चाहिए।

[R30]जनसंख्या बढ़ रही है लेकिन उस अनुपात में खाद्यान्न के उत्पादन में वृद्धि नहीं हो रही है। हम खाद्यान्न के उत्पादन पर जोर नहीं दे रहे हैं। अर्थशास्त्रियों के नए-नए तर्क चल रहे हैं। हमारे वित्त मंत्री बड़े अर्थशास्त्री हैं। डिमांड और सप्लाई का संतुलन नहीं होने के कारण महंगाई बढ़ रही है। कई ऐसे तर्क दिए जा रहे हैं जो समझ से परे हैं। माननीय मंत्री जी ने आगे बढ़ कर जो कुछ कहा उसका जिक्र सदन में हो रहा है। उन्होंने कहा कि महंगाई केवल जादू की छड़ी नहीं है। मैं अभी इसका जिक्र नहीं करना चाहता हूं लेकिन पूछना चाहता हूं कि इसके क्या कारण हैं? प्राइवेट ट्रेडर्स, लिमिटिड स्टॉक और अनलिमिटिड टाइम तक प्रोक्युरमेंट करने की छूट दी गई है, क्या यह एक कारण है? इस कारण को दूर करने का प्रयास करना चाहिए। लिमिटिड स्टॉक और अनलिमिटिड टाइम तक प्रक्योरमेंट करने की जो छूट दी गई है वह एनडीए के शासनकाल में दी गयी थी। इतना ही नहीं, जमाखोर सामानों का कृत्रिम अभाव उत्पन्न करते हैं। इससे बाहरी बाजार के मैकेनिज्म पर डायरैक्ट सरकार का कंट्रोल नहीं होता है। जमाखोरों को पकड़ने के लिए और रेडस करने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत डायरैक्टिव्स् भी जारी किए गए हैं। इस कानून को सख्ती से लागू करने के लिए राज्यों को विश्वास में लेना चाहिए चूंकि हमारे फैडरल स्ट्रक्चर है, राज्यों को विश्वास में लेकर काम करना चाहिए। राज्यों को विश्वास में लेने की कोशिश की गई है। अभी यह स्थिति है कि 11 राज्यों ने सहमति नहीं दी है। स्टॉक लिमिट करने की कोशिश की गई तो कई राज्यों ने सहमति नहीं दी है। जिन राज्यों ने सहमति नहीं दी है, उनको सहमत करने का प्रयास करना चाहिए। अभी जानकारी मिली है कि राज्य संघों में खास करके उचित मूल्य पर खाद्यान्न की उपलब्धतता सुनिश्चित करने के लिए, जमाखोरी भंडार से बाहर लाने हेतु प्रभावी कार्रवाई करने का अधिकार एक मार्च 2008 को केन्द्रीय आदेश की वैधता को अगले 6 महीने के लिए बढ़ाया है। मैं कहना चाहता हूं कि इसमें 13 राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों ने गेहूं और दलहन संबंधी भंडार सीमा निर्धारण लाइसेंसिंग भंडार की घोषणा की आवश्यकता संबंधी अधिसूचना जारी की है। अन्य 11 राज्य संघों ने अभी तक स्टॉक लिमिट को निर्धारित करने के लिए अधिसूचना जारी नहीं की है और 5 राज्य चुपचाप हैं। सरकार ऐसे कालाबाजारी और जमाखोरी करने वालों से लोगों को बचाने के लिए, केन्द्रीय आदेश के अनुपालन के लिए सभी राज्यों पर दबाव डाले और इसकी जरूरत भी है। इसके लिए राज्यों को विश्वास में लेकर फूड मिनिस्टर्स या चीफ मिनिस्टर्स को बुलाकर एक मीटिंग करे। आवश्यक वस्तुओं की जिस तरह कीमतें बढ़ रही हैं, वह सभी सरकारों के लिए एक चुनौती है। केवल केन्द्र सरकार के लिए नहीं है बल्कि सभी राज्य सरकारों के लिए है क्योंकि महंगाई की मार सब को झेलनी पड़ रही है। सरकार कुछ काम कर रही है और ड्यूटी घटा रही है। इसका क्या अंजाम हो रहा है, मैं उसका एक उदाहरण पेश करना चाहता हं। 20 मार्च 2008 को क्रड पॉम ऑयल, एडिबल ऑयल के 115 डॉलर प्रति-टन पर भारत सरकार ने ड्यूटी घटायी ताकि इसका असर देश में हो

और दाम घटे। इसका प्रतिफल क्या हुआ? 24 मार्च 2008 को इंडोनेशिया ने 140 डॉलर प्रति-टन पर एक्सपोर्ट टैक्स लगा दिया। आपने 115 डॉलर प्रति-टन पर ड्यूटी घटायी ताकि उपभोक्ताओं पर इसका असर हो। इंडोनेशिया से 90 परसेंट क्रूड पॉम आयल का आयात होता है। हम देश में एडिबल ऑयल का आयात 40 परसेंट करते हैं।

देश के अंदर जो हमारा डोमैस्टिक कंजम्पशन है, देश के अंदर एडिबल ऑयल की जो पैदावार होती है, उससे हम साठ प्रतिशत जरूरत पूरी करते हैं। लेकिन चालीस प्रतिशत हमें विदेश से मंगाना पड़ता है। उसमें अकेले इंडोनेशिया से चालीस परसैन्ट का 90 प्रतिशत आयात होता है।

सभापति महोदय : मलेशिया से।

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : दस परसैन्ट मलेशिया से और चालीस परसैन्ट का 90 प्रतिशत भाग हम इंडोनेशिया से मंगाते हैं। यह हर बार भारत को मंगाना पड़ता है, हर साल यह चल रहा है। मैं कहना चाहता हूं कि कंज्यूमर्स पर इसका क्या प्रभाव पड़ा है। क्योंकि आपने ड्यूटी घटा दी और आगे चलकर एडिबल ऑयल की ड्यूटी जीरो परसैन्ट कर दी। यह 30 मार्च, 2008 को किया गया और आज 16 अप्रैल को बहस हो रही है यानी 15 दिन पहले यह किया गया। लेकिन इसका असर यह हुआ कि इंडोनेशिया ने उसी अनुपात में एक्सपोर्ट टैक्स बढ़ा दिया। इस तरह से एक्सपोर्ट टैक्स बढ़ाने से हिंदुस्तान का सात हजार करोड़ रुपया इंडोनेशिया को चला गया या जहां से भी आयात करते हैं, वहां चला गया। यही सात हजार करोड़ रुपया यदि एडिबल ऑयल या ऑयल सीड्स के किसानों का उत्पादन बढ़ाने पर खर्च किया जाए तो देश आत्म निर्भरता की ओर जा सकता है। हम तेल का एक स्थाई समाधान निकाल सकते हैं और डिमांड के अनुसार सप्लाई को पूरा कर सकते हैं। लेकिन यह नहीं हो रहा है। मैं समझता हूं कि हमें दिशा बदलनी होगी, सरकार को एक दृष्टिकोण अपनाना होगा। आयात पर निर्भर रहना ठीक नहीं है। क्योंकि हर बार हम यह मानकर चलें कि हम बाहर से आयात करके यहां की डोमैस्टिक कंजम्पशन को पूरा करेंगे, यदि यही मन बनाकर रखेंगे तो हम मूल्यों पर कभी भी नियंत्रण नहीं कर सकते। इसलिए मैंने निवेदन किया कि आयात घटाने का क्या परिणाम हो रहा है, उसका थोड़ा सा जिक्र मैंने आपके सामने किया है।

सभापति महोदय, बहुत जोर से कहा जाता है कि उत्पादन सबसे ज्यादा जरूरी है। आप तो अच्छी से जानते हैं कि केन्द्र सरकार ने महंगाई नियंत्रण के लिए अनेक प्रभावी कदम उठाने की कोशिश की है, जिसमें दलहन और गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध, दलहन के आयात पर कस्टम ड्यूटी समाप्त करना, दलहन, ऑयल सीड्स और एडिबल ऑयल पर घरेलू आवश्यकता की पूर्ति के लिए गेहूं का आयात, प्राइवेट ट्रेडर्स के गेहूं के आयात पर लगने वाली ड्यूटी को समाप्त करना, इस तरह से सरकार ने अनेक खाद्यान्नों के दामों को कम करने की कोशिश की है। लेकिन फूड सिक्युरिटी में जो मिनिमम बफर स्टाक है, उसके नॉर्म्स को भी पिछले साल पूरा नहीं किया। पिछले साल प्राइवेट ट्रेडर्स के द्वारा 92 लाख 50 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई थी। इस तरह से 92 लाख 50 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीद प्राइवेट ट्रेडर्स, कारगिल कंपनी और मल्टीनेशनल्स के द्वारा की गई। लेकिन इतना गेहूं खरीद कर तो रख लिया, लेकिन यहां बफर नॉर्म्स पूरे नहीं हुए, जितना बफर नॉर्म्स में चाहिए था, उतना अनाज सैन्ट्रल पूल में नहीं आने से बाहर से 50 लाख मीट्रिक टन आयात करने का आपको आदेश देना पड़ा। इसीलिए खाद्यान्नों के जो दाम बढ़ रहे हैं, उसके कारण क्या हैं। हमें इन कारणों पर ध्यान देना होगा। हमें प्राइवेट ट्रेडर्स के लिए मैक्सिमम स्टाक लिमिट करनी होगी। केवल सर्कुलर जारी कर देना और स्टेट्स पर छोड़ देना कि इतना लागू होगा या नहीं होगा, इसके लिए स्टेट्स को विश्वास में लिया जाए। जो भी इसके लिए प्रक्रिया है, डिप्लोमैटिक तरीका है, उसे अपनाना चाहिए और प्राइवेट ट्रेडर्स के लिए निश्चित रूप से स्टाक लिमिट करनी चाहिए और अनलिमिटेड टाइम तक उसे प्रोक्योरमैन्ट की इजाजत नहीं होनी चाहिए, उस पर बंदिश लगनी चाहिए। क्योंकि हमारे सैन्ट्रल पूल में भारत सरकार की एजेंसी एफ.सी.आई. है या राज्य सरकार की एजेन्सी नैफेड है, इसके अलावा एग्रीकल्चर की भी एजेन्सीज हैं, जो प्रोक्योरमैन्ट करती हैं, अनाजों की खरीद करती हैं, उन्हें दिक्कतें आयेंगी। वे सैन्ट्रल पूल को अनाज नहीं दे सकेंगी। यदि सैन्ट्रल पूल मे अनाज की कमी होगी तो बफर स्टाक का नॉर्म्स पूरा नहीं होगा और बफर स्टाक का नॉर्म्स यदि हम मेनटेन नहीं करते हैं तो देश के अंदर जो सुखाड़, बाढ़ और तूफान आदि आते हैं, हम उनका भी मुकाबला नहीं कर सकते हैं। यह एक नीतिमूलक बात है, इसीलिए मैंने इसका जिक्र किया है।

सभापति महोदय, आज डा. लोहिया की चर्चा सदन में बराबर करते रहते हैं और आपके प्रति इसलिए मेरा पूर्ण आदर है। डा. लोहिया ने कहा था - दाम बांधो नीति। करखनिया माल का दाम डेढ़ गुना से ज्यादा नहीं होना चाहिए। आज करखनिया माल की क्या हालत है। आज बहुत हाय-तौबा हो रही है, जब कृषि के दाम बढ़ रहे हैं, इसके विरुद्ध बड़े जोर से आवाज उठती है। कृषि उत्पाद की कीमत बढ़ती है तो सभी लोग आवाज उठाने लगते हैं[b31]। स्वाभाविक है कि कृषि और अनाज से सभी लोग जुड़े हुए हैं क्योंकि फूडग्रेन्स से सबका संबंध है लेकिन सीमेंट, लोहा, खाद, कपड़ा, दवाई और नमक इत्यादि चीजों से भी लोग जुड़े हुए हैं, ये कारखाने से उत्पादित वस्तुं हैं। यह कारखाना माल जब चार गुना बढ़ जाता है तब भी उतनी आवाज नहीं उठती है जितनी आवाज फूड ग्रेन्स के दाम बढ़ जाने से उठती है। चूंकि फूड तो हर इंसान की पेट की ज्वाला को शांत करता है इसीलिए इसमें थोड़ी भी वृद्धि होगी तो हल्ला होगा। डीजल की कीमत बढ़ती है और जिसका बोझ डाइरेक्ट किसान पर पड़ता है, उस पर उतनी हायतौबा नहीं होती। प्रैस में कुछ बयान आ जाते हैं, खासकर हमारे वामपंथी भाईयों के बयान आ जाते हैं।

खेती वाली जमीन सैज़ के चलते कम होती जा रही है। यह जो सैज़ है, इसके तहत 10 प्रतिशत एग्रीकल्चर की लैंड भी एक्वायर की जा सकती है। बार-बार कहा गया कि बंजर भूमि आप एक्वायर करो। जो खेती लायक जमीन है, जो इरीगेटेड लैंड है, वह उद्योग और सैज़ में नहीं देना चाहिए और सैज़ के लिए हालत यह है कि राज्य सरकार भी प्राइवेट प्रोपर्टी डीलर बन गई है। अब कंपनी को यदि जमीन लेनी है, चाहे टाटा को जमीन लेनी हो या रिलायंस को लेनी हो, जमीन बड़ी-बड़ी कंपनियों को लेनी हो लेकिन राज्य सरकार जहां जमीन लेनी है, वहां की राज्य सरकार प्राइवेट प्रोपर्टी डीलर बन जाती है। ऐसा हमने कभी सुना नहीं है। जिनको किसान से लेना है, वे किसान से डाइरेक्ट बात करें और डाइरेक्ट किसान को मुआवजा दें जितना मुआवजे की वे मांग करते हैं और बंजर भूमि को ज्यादा इसमें लें। इस बात पर रहना चाहिए कि खेती लायक जमीन नहीं दी जाएगी।

महोदय, मैं महंगाई के कारण पर बोल रहा हूं। जमीन यदि घटेगी तो राष्ट्रीय उत्पादन पर असर होगा और राष्ट्रीय उत्पादन घटेगा तो इसकी महंगाई की मार आम जनता को झेलनी पड़ेगी। करोड़ों लोगों पर इसका कुप्रभाव पड़ेगा। जमीन चली जा रही है। लिखा हुआ है कि 10 प्रतिशत एग्रीकल्चर लैंड भी जाएगी। जब राज्य सरकार उसकी प्राइवेट प्रोपर्टी डीलर बनी हुई है तो जितनी जमीन है, उतनी जमीन प्राइवेट कंपनियों को एक्वायर करा दी जाएगी। इसलिए सैज़ के द्वारा भी जो एग्रीकल्चर लैंड घट रही है, उससे भी उत्पादन पर कुप्रभाव पड़ रहा है। इसलिए मैं आपसे यह निवेदन करना चाहता हूं कि औद्योगिक उत्पाद, तेल, सीमेंट, लोहा, दवा इत्यादि वस्तुं 1966 के मुकाबले 20 गुना से 30 गुना ज्यादा भाव में लोग खरीद रहे हैं। अब क्या कृषि उत्पाद की कीमत उसी अनुपात में बढ़ पाई है? इस पर विचार करने की जरूरत है। मैं यह मांग करता हूं कि एक मूल्य निर्धारण आयोग बनाया जाए। कृषि उद्योग के उत्पाद की कीमत में संतुलन बनाने के लिए जिस अनुपात में उद्योग के उत्पाद, औद्योगिक कारखानों के उत्पाद के दाम बढ़ते हैं, उसी अनुपात में कृषि उत्पाद के दामों में संतुलन बनाने पर विचार करना चाहिए। जो कीमत बढ़ती है, वेतन भत्ते में बढ़ोतरी होती है, उस अनुपात में कृषि उत्पाद की कीमत भी बढ़े। मैं यह कहना चाहता हूं कि सस्ता भोजन राष्ट्र को जरूर मिले। साथ-साथ सस्ता सामान भी किसान को मिले। इस पर भी ध्यान रखना होगा। यह डा. राम मनोहर लोहिया का दृष्टिकोण दाम बांधो नीति है। कारखाने के माल का दाम डेढ़ गुना से ज्यादा नहीं होना चाहिए। एक फसल की कीमत अगली फसल तक उसी कीमत पर दस प्रतिशत से ज्यादा बढ़ोतरी नहीं होनी चाहिए। मूल्य आयोग कारखाने के उत्पाद की कीमत निर्धारित करे और तब कीमत तय हो। जब तक कारखाने के माल की कीमत तय नहीं होती है, तब तक उद्योगपति मनमानी करते रहेंगे और किसान लुटता रहेगा। इसीलिए इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। मैं यही निवेदन करना चाहता हूं।

अंत में, मैं फॉरवर्ड ट्रेडिंग के विषय में आपसे कुछ निवेदन करना चाहता हूं कि फॉरवर्ड ट्रेडिंग क्या है। बड़ी जोर से हल्ला हुआ कि फॉरवर्ड ट्रेडिंग किसानों की दशा सुधारने के लिए है। अप्रैल 2003 में एनडीए के शासनकाल में हम लोग हल्ला करते रहे कि आप इसे नहीं करिए। वर्ष 2003 में एनडीए के शासनकाल में अप्रैल में फॉरवर्ड ट्रेडिंग चला दी गई। महंगाई बढ़ने के जितने कारण हैं, उसमें सबसे बड़ा कारण फ्यूचर ट्रेडिंग- वादा बाजार प्रथा रही है क्योंकि आजादी के बाद फॉरवर्ड ट्रेडिंग कांटैक्रस्ट रेगुलेशन एक्ट 1952 आया। 1952 के आने के बाद फॉरवर्ड मार्केट कमीशन की स्थापना मुंबई में एक रेगुलेटर के रूप में की [r32]गई। लेकिन जब 1960 में फारवर्ड ट्रेडिंग के नाम पर महंगाई बढ़ गई तो इस पर बैन करना पड़ा। जब एन.डी.ए. का शासनकाल आया तो अप्रैल, 2003 में दुबारा चालू किया गया । यह कहा गया कि इसे खोलने से किसानों की दशा में सुधार किया जायेगा। व्यापार में प्रतिकूल प्रभाव से किसानों को बचाने के लिये यह फारवर्ड ट्रेडिंग लगा दिया गया। जब यह शुरु क्या गया तो देश के 24 कम्युनिटी एक्सचेंजों में किसानों को प्रवेश नहीं दिया गया। उत्तर प्रदेश में मुज़फ्फरनगर में था लेकिन अहमदाबाद और मुम्बई की बात छोड़िये। नेशनल कम्युनिटी एक्सचेंज दो मुम्बई में और एक अहमदाबाद में है। यह कहा जा रहा है कि किसानों के लिये फारवर्ड ट्रेडिंग में प्राइस मैनेजमेंट में मदद करेगा। एन.सी.डी.एफ ने कहा कि किसानों को भविष्य में प्राईस की एडवांस इनफौरमैशन देगा जिससे किसानों को फसल चुनने में मदद मिलती है लेकिन यह जमीनी सच्चाई नहीं है। मैं साफ शब्दों में कहना चाहता हूं कि किसानों को लाभ मिलना चाहिये। जहां फारवर्ड ट्रेडिंग कमीशन किसानों को एडवांस में फसलों के मूल्यों की सूचना देगा, वहां वैबसाइट में भी यही कहा गया है। मैं जानना चाहता हूं कि आज कितने छोटे या मझौले किसानों के घरों में कम्प्युटर्स हैं? लेकिन दो-ढाई एकड़ वाले छोटे किसानों और मझौले किसानों को डिस्ट्रेस, सैल पर अपना कच्चा माल बेचने के लिये मजबूर होना पड़ता है। उस किसान को अपने घर के लिये साड़ी, नमक, साबुन, बच्चों के लिये किताबें लेनी पड़ती हैं क्योंकि वह अनाज स्टोर नहीं कर सकता है, इसलिये स्पाट पर सस्ता बेचने के लिये मजबूर है। इसलिये उन्हें इस ट्रेडिंग से कोई लाभ नहीं है। केवल 10 प्रतिशत ऐसे किसान हैं जो फायदा ले रहे होंगे, बाकी 90 प्रतिशत किसानों को कोई लाभ नहीं है।

सभापति महोदय, अंत में मैं इतना कहना चाहूंगा कि आर्टिफिशियल स्कैरसिटी की परिस्थिति में फारवर्ड ट्रेडिंग में इनफ्लेशन सरकुलेशन बढ़ रहा है। इसलिये जितना कृषि उत्पाद है, उसे फारवर्ड मार्किट से बाहर किया जाये। इनमें दालें, खाद्य तेल, चीनी को कम से कम तत्काल फारवर्ड ट्रेडिंग से बाहर किया जाये। मेरा सुझाव है कि राष्ट्र को मंहगाई की मार से बचाने के लिये इन सब चीजों को फारवर्ड ट्रेडिंग से बाहर रखा जाये।

श्री रमेश दूबे (मिर्ज़ापुर) : सभापति महोदय,. आज बढ़ती हुई मंहगाई पर रोक लगाने के लिये इस सभा में हमारे कई माननीय सदस्यों ने अपने विचार रखे हैं। मैं इस चर्चा में सहभागी होना चाहता हूं। आज मंहगाई की हालत यह है कि लाखों गरीब लोग रात में भूखे सो रहे हैं। गांवों में यहां तक देखने में आ रहा है कि बच्चों को सुलाने के लिये नशायुक्त पदार्थ का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस तरह की मंहगाई की मार लोगों पर पड़ रही है। आज सरसों का तेल 100 रुपये किलो, तूर की दाल 70-75 रुपये किलो तक पहुंच गये हैं। किसानों के लिये खाने की चीजें 30-40 रुपये किलो तक बिक रही हैं। इस मंहगाई की मार गरीब और किसान दोनों पर है। आज चीजों के भाव इतने बढ़ने के बाद किसानों को क्या मिल रहा है? किसानों को उनकी उपज का मूल्य वही मिल रहा है जबकि सब से ज्यादा फायदा बिचौलिये उठा रहे हैं.। सरकार ने इस परिस्थिति से निपटने के लिये क्या कदम उठाये हैं और क्या वे कदम सख्ती से पूरे किये जा रहे हैं? मैं तो यह देख रहा हूं कि आज की परिस्थिति में सख्त कदम उठाने के लिये और निश्चित कदम और निश्चित बात करने के लिये राजनैतिक सोच में कमी है। जहां जाते हैं, हाहाकार मचा हुआ है। किसानों को न समय पर पानी मिल पा रहा है, न खाद मिल रही है और न ही बीज समय पर मिल रहे हैं। जब उनके पास अनाज तैयार हो रहा होता है, तब प्रकृति की मार - ओलावृष्टि, बरसात से बरबाद हो जाता है। किसानों के बारे में सरकार की कोई सोच नहीं है। दक्षिण में चुनाव में लुभावने नारे दिये जा रहे हैं कि उन्हें 2 रुपये किलो चावल और 3 प्रतिशत ब्याज पर पैसा दिया जा रहा है। क्या इस तरह से किसानों से पैसा वसूल किया जा सकेगा? जब किसानों द्वारा उपज पैदा की जा रही है, यदि उसे उसके उत्पाद का पैसा नहीं मिल रहा है तो इससे किसानों को क्या फायदा मिलेगा? जब उसे उचित मूल्य नहीं मिल रहा है तो मंहगाई के बारे में क्या सोचा जाये और क्या किया जाये?[s33] मात्र इस बात पर चर्चा की जाए कि जिस चीज़ की महंगाई बढ़ेगी, उसे हम विदेशों से मंगाकर पूरा करेंगे, तो इससे महंगाई नहीं रुकेगी। यह देखा जा रहा है कि पीडीएस के माध्यम से गांवों में गरीबों के पास जो सामान जाना चाहिए, उसकी सीधे-सीधे काला बाज़ारी हो रही है। किसी भी तरह का सख्त कानून लागू नहीं हो रहा है जिससे लोग डरें बल्कि लोगों का मन बढ़ रहा है और ज्यादा से ज्यादा कालाबाज़ारी हो रही है। जहां तक गरीबों को अनाज बाँटने का सवाल है, वह भी कहां जा रहा है, वह पता लगाइए। गांवों में अनाज नहीं मिल रहा है। मेरी आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना है कि जो चीजें पीडीएस के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही हैं, वे सख्ती से लोगों में बँटें और महंगाई रोकने के लिए उत्पादन और उसका जो खर्च है, उसके साथ किसानों को किस तरह से लाभ हो, कैसे वे ज्यादा अनाज पैदा कर सकें, इस पर सरकार को सोचना चाहिए।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं बढ़ती हुई महंगाई के मुद्दे पर अपने साथियों का समर्थन करता हूँ।

SHRI BRAJA KISHORE TRIPATHY (PURI): Thank you Mr. Chairman. The prices of essential commodities are shoring up in the country. It is now in a very alarming situation. The poor and the common man are being cheated by this Congress-led UPA Government at the Centre. With the galloping price rise, their campaign for *aam admi* has become a mockery now. The Union Government has miserably failed to control the rising prices of the essential commodities that have hit the poor man badly.

The UPA Government which has assured, in the National Common Minimum Programme, to keep stable the prices of essential commodities, has miserably failed in its assurance. What has happened to the slogan of the Congress, "*Congress ka hath aam admi ke saath*"? It is a big joke now. The prices of almost all the essential commodities, like rice, wheat, sugar, pulses, red chilli, gram, mustard, edible oil, milk, fruits, vegetables, drugs, medicines have risen massively. But it is a pity that the Government is not serious or concerned with the continuous rise in prices of food articles and other essential commodities.

Skewed Government policies are responsible for shoring of prices of essential commodities. It is clear that the Government is bungling in food policy. The policy towards forward trading, failure of the PDS, and hoarding are the major reasons behind this price rise.

Previously, there was a provision under the Essential Commodities Act to deal with the black marketers and the hoarders. That provision was for Constitution of "Special Courts." That was there under the provision of the Act in Section 12 (a) (a).

Under that provision, only the "Special Court" was competent to deal with the bail applications. That is no more there in the Act. It is not functioning now. It is no more in operation.

So, I would urge upon this Government to revive this provision so that there will be fear in the minds of hoarders and black marketers as they will not be able to get bail in the lower courts. Only the "Special Courts" could consider bail applications. That is there no more. Now also the cooperative sector is not functioning. They are not in existence any more in the country That is why three National Commodity Exchanges, NCDEX, MCX, and NMCE have been witnessing now huge volumes of these commodities amidst hectic speculation. Part of this volatility in the commodity market can be traced to a new breed of investors – day traders. This segment of investors, very common in the stock market, divert their money into commodities sensing a hidden treasure and by this measure, these day-traders jack-up the prices of essential commodities and they are getting good profit out of this. The Government should consider this aspect as this is happening now.

Sir, the rising of price index of essential commodities is the reflection of the Government's performance of its fiscal management. Now it is very much concern for us that the country is moving from a surplus food economy to one of the shortages. If nature will be cruel to us and the rainfall this year will turn out to be poor, then crop output would get affected and thus lead to an inflationary pressure in the whole economy.

Sir, the RBI may likely to tighten the policy to complement the fiscal measures. But monetary intervention would not produce immediate results as the current spike is driven by supply constraint and not by demand-pull inflation.

Sir I would like to quote some figures about the prices of food items from the Ministry of Consumer Affairs. The price of rice in March, 2007 was Rs. 15/- per kg now in March, 2008, it is Rs. 18/- per kg and the increase is 20 per cent. The price of wheat in March, 2007 was Rs. 12/- per kg and now it is Rs. 13/- per kg and the increase is 8 per cent. The price of black gram (urad) in March, 2007 was Rs. 32/- kg and now it is Rs. 39/- per kg and the increase is 22 per cent. The price of tur dal in March, 2007 was Rs. 35/- and now it is Rs. 42/- per kg and the increase is 20 per cent. The price of groundnut oil was Rs. 98/- per kg, now it is Rs. 121/- per kg and the increase is 23 per cent. The price of mustard oil in March, 2007 was Rs. 56/- per kg and now it is Rs. 80/- per kg and the increase is 43 per cent. The price of sugar in March, 2007 was Rs. 16/- per kg and now it is Rs. 18/- per kg and the increase is 12.5 per cent.

Sir, the hon. Minister of Finance while delivering his Budget Speech has mentioned about the prices of cement and steel. The retail cement price in January, 2007 was Rs. 165/- per bag and in January, 2008 it is Rs. 206/- per bag and there is a 20 per cent increase. As far as steel- hot rolled, cold rolled and flat rolled coils are concerned, from January 2007 to January, 2008, the increase is 14 per cent, 9 per cent and 13 per cent respectively. If we compare this price with the price of 2004-05, 2005-06 and 2006-07, the rise will be sky high.

Sir, for quite some time inflation has been the most pressing concern of the macro economy. Even so, when the data for March 15, 2008 showed inflation at a 13 month high of 6.68 per cent on a point to point basis, alarm bells started ringing. The rate has since gone up to seven per cent in the next week and further reached 7.41 per cent in the week-end 29th March, 2008. So you can see as to how the prices have increased in two months. The RBI has projected inflation rates between 4.5 per cent and 5 per cent during 2007-08, but the provisional inflation estimate for the week end March 29th, stood at a 14 month high of 7.41 per cent.[a34]

15.00 hrs.

High inflation is widely believed to impede economic growth and it is inimical to social justice. The entire country is suffering from this high inflation.

Now, inflation measured in terms of Consumer Price Index is also higher in comparison to the years 2004-05, 2005-06 and 2006-07. Accompanying the data was the final revision of the Wholesale Price Index estimate for the week 2nd February. The revision, a steep 67 basis points, pushed the inflation rate up to 4.74 per cent. For the five weeks from January 5th to February 2nd, the average revision in the Wholesale Price Index was 57 basis points. If you take the base year 1990-91 as 100 points, the Wholesale Price Index of manufactured products has gone up from 183.8 in March 24, 2007 to 195.4 in March 22, 2008. The primary products' index has gone up from 215.3 to 234.6 and, in respect of fuel, power, lights and lubricants, it has gone up from 326.6 to 341.4 and the index in respect of all commodities has gone up from 201.1 to 224.8 points during the same period.

15.02 hrs (Mr. Speaker *in the Chair*)

Economists also expect the sharp revision to continue further. It is now necessary that Government should come forward to make stringent laws to control the hoarders and the black-marketeers. PDS has to be made universal, effective and some more

essential commodities be included in its ambit. It is also necessary to ban futures trading in the important agricultural commodities and take measures for restructuring of customs and excise duties on oil and lowering of retail prices for petrol and diesel.

To combat inflation, it is also necessary to lower all Government duties on petroleum fuels, letting the rupee strengthen against the dollar and lowering interest rates. There should be more investment in agriculture.

Further, the Special Court is no more functioning. So, the Special Court is to be revived again to control hoarders and black-marketeers.

Mr. Speaker, Sir, I hope good sense will prevail on this Government and the Government will take necessary steps to control the rising prices. Thank you.

श्री चंद्रकांत खैरे (औरंगाबाद, महाराष्ट्र): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे महंगाई के विषय पर बोलने का अवसर दिया, इस हेतु मैं आपका आभारी हूं। मैं आपके माध्यम से यू.पी.ए. सरकार से जानना चाहता हूं कि उसने विगत चार सालों में क्या किया? महंगाई के कारण देश में बहुत गम्भीर परिस्थिति निर्मित हुई है। महंगाई के कारण गरीब, अमीर और मध्यम वर्ग, सभी परेशान हैं। पक्ष और विपक्ष के सांसद भी परेशान हैं। सरकारी पक्ष के सांसद यू.पी.ए. की चेयरपर्सन और प्रधान मंत्री से मिलते हैं, तो वे भी अपनी चिन्ता व्यक्त करते हैं, लेकिन वे भी इसे कम करने में अपनी असमर्थता प्रकट करते हैं और कहते हैं कि यह कोई जादू की छड़ी नहीं है।

महोदय, यू.पी.ए. की सरकार में महंगाई को बढ़ने से रोकने के लिए कोई नियोजन नहीं किया गया है। इसीलिए महंगाई बेतहाशा बढ़ती जा रही है। वर्ष 2004 में यह सरकार आई और उससे पहले एन.डी.ए. की सरकार थी। मैं एन.डी.ए. की सरकार में जो रेट थे, भाव थे और दाम थे और आज यू.पी.ए. सरकार के समय जो रेट हैं, उनमें हुई बेतहाशा बढ़ोत्तरी के बारे में बताना चाहता हूं।

महोदय, एक वैबसाइट में एक नोट मैंने देखा था। मैं उससे पढ़कर बताऊंगा। उनका कहना है कि रिटेल प्राइसेस में चार मैट्रो शहरों में 40 परसेंट की बढ़ोत्तरी हुई है। दिल्ली में सबसे ज्यादा महंगाई बढ़ी है। [R35]

The maximum surge in food prices was witnessed in the National Capital followed by Kolkata, Mumbai and Chennai as per the analysis of the detailed price data of 14 essential items maintained by the Ministry of Consumer Affairs. मिनिस्ट्री ऑफ कंज्यूमर अफेयर्स ने ही कहा कि इतना यह हुआ और इसलिए Delhi is worst hit by price rise among metros because it does not have a connected hinterland for food supply. The rise in oil prices, logistics and transportation cost are fuelling the food prices further. यह बहुत गम्भीर परिस्थिति निर्माण होने का कारण कुछ नियोजन नहीं होना है, मैंने ऐसा कहा। मैं यह भी कहूंगा कि जो एन.डी.ए. के समय में फीगर थी, उस फीगर में कितनी बढ़ोत्तरी हुई। एन.डी.ए. के समय मई, 2004 में गेहूं नौ रुपये था, अब 14 रुपये हो गया। आटा 10 रुपये था, आज 18 रुपये हो गया, इसमें आठ रुपये की बढ़ोत्तरी हुई। मैदा 12 रुपये थी, आज मैदा 20 रुपये हो गई। चावल 10 रुपये से आज 28 रुपये हो गया। ब्रैड आठ रुपये से आज 15 रुपये हो गई। शुगर 14 रुपये से अभी 24 रुपये हो गई। चाय का दाम 80 रुपये से बढ़कर 180 रुपये हो गया। मस्टर्ड ऑयल का 40 रुपये से आज 80 रुपया हो गया। डालडा 40 रुपये था, वह आज 68 रुपये हो गया, उसमें 28 रुपये की बढ़ोत्तरी हो गई। देसी घी 130 रुपये था, आज 225 रुपये हो गया। मूंग दाल 24 रुपये से आज 42 रुपये हो गई। दूसरी भी जितनी दालें हैं, अरहर दाल, मसूर दाल, उनमें भी बहुत बढ़ोत्तरी हुई। चना दाल भी 25 रुपये से आज 37 रुपये किलो हो गई। राजमा तो दिल्ली में हम सभी लोग खाते हैं। राजमा एन.डी.ए. के समय मई, 2004 में 28 रुपये किलो मिलता था, वह आज 55 रुपये किलो हो गया। गुड़ का भाव भी 14 रुपये से 20 रुपये हो गया। बेसन का भाव 20 रुपये से 48 रुपये किलो हो गया। दूध 14 रुपये लीटर था, वह आज 24 रुपये हो गया। पनीर 62 रुपये का था, आज 140 रुपये तक चला गया। कैरोसीन 18 रुपये प्रति लीटर था, वह आज 28 रुपये हो गया। एल.पी.जी. 240 रुपये से 295 रुपये हो गई। पैट्रोल 33.15 रुपये था, वह आज 47 रुपये हो गया, कई जगह तो उससे भी ज्यादा का मिलता है। डीजल 22 रुपये से आज 32 रुपये हो गया। सीमेंट 125 रुपये से 240 रुपये और स्टील का भाव तो आपको पता है। स्टील और सीमेंट के भाव तो इतने बढ़ गये कि गरीब आदमी कहां से अपना मकान बनाएगा। स्टील 23 हजार रुपये था, आज 44 हजार रुपये प्रति टन है, बल्कि उससे भी ज्यादा है। बीच में 49 हजार का भी हो गया, ऐसी अभी सवेरे न्यूज़ थी। ब्रिक्स (ईंट) 1800 रुपये प्रति हजार से आज 2500 रुपये का भाव है तो गरीब आदमी कहां से मकान बनाएगा। रोटी, कपड़ा और मकान देने की हमारी सरकार की जिम्मेदारी होती है, लेकिन यू.पी.ए. सरकार इसमें बिल्कुल फेल हो गई और उसमें कुछ नहीं कर सकी।

यू.पी.ए. गवर्नमेंट ने 29 फरवरी को बजट दिया तो बजट देने के बाद बड़ी वाहवाही हुई कि हमारी किसानों का पांच एकड़ तक का लोन क्लियर हो गया, उनकी कर्जमुक्ति हुई, लेकिन आज पांच एकड़ का किसान बिल्कुल रो रहा है। आदरणीय शरद पवार जी ने और हमारे उद्धव ठाकरे जी ने भी जगह-जगह जाकर, सब किसानों से बात होने के बाद यह कहा कि बड़े किसानों को भी उसमें राहत मिलनी चाहिए और राहत दिलाने की हम लोग कोशिश करेंगे। यह करना ही चाहिए। आज अगर हम किसानों को खेती करने के लिए कुछ प्रोत्साहन नहीं देंगे तो उत्पादन नहीं बढ़ेगा। आपने देखा होगा कि सब जगह एस.ई.जैड. बन रहे हैं। अगर किसान खेती नहीं करेगा तो खेती का उत्पादन कम होता जायेगा और निश्चित रूप से आगे चलकर शार्टेज और महंगाई में ज्यादा बढ़ोत्तरी हो सकती है।

आज हम एस.ई.जैड. के नाम पर इंडस्ट्रीज़ डाल रहे हैं। आज हमारा किसान भी यह देखता है कि एस.ई.जैड. में जमीन जाने दो, इस भाव में जा रही है। सरकार ने भी यह कहा है कि इंडस्ट्री वाले जाकर सीधे किसानों के साथ सौदा कर लें। इससे किसान को लालच हो जाता है और लालच के कारण से अगर समझो कि दो लाख रुपये प्रति एकड़ की उसकी खेती होगी तो वह उसे 10 लाख रुपये में बेच देगा और खेती करना बन्द कर देगा और गांव में कहीं भी चला जायेगा। अगर यह भूमिका किसानों की हो गई तो खेती में जो भी उत्पादन होगा, वह नहीं होगा। इस पर भी हमको कंट्रोल करना पड़ेगा, यह मेरी आदरणीय शरद पवार साहब से और यहां बैठे हुए मंत्री जी से विनती है।[R36] 29 तारीख को बजट पेश होने के बाद 4 मार्च को फिगर क्या थी। राजमा जो 40 रुपये से 42 रुपये किलो था, वह 44 रुपये से 50 रुपये तक हो गया, मतलब उसमें दो-तीन रुपये बढ़ गए। बजट के बाद हर चीज में दो-दो, तीन-तीन रुपये की बढ़ोत्तरी हो गई। अरहर की दाल, मूंग धुली, मूंग छिलका, उड़द छिलका, चना दाल, मसूर की दाल, इन सबके दामों में बढ़ोत्तरी हो गई। मूंग की दाल जो 35 रुपये किलो थी, वह 38 रुपये की हो गई। बजट के बाद ही सब चीजों के दाम तीन-तीन, चार-चार रुपये बढ़ गए, इसका क्या कारण है। जो लोग अपने पास स्टॉक रखते हैं, हमें उन्हें कंट्रोल करना चाहिए।...(व्यवधान)

कुछ साथियों ने कहा कि राज्य सरकारों का सहयोग नहीं मिलता। राज्य सरकारों का सहयोग क्यों नहीं मिलेगा। आपने राज्य सरकारों से कोआर्डीनेशन कब किया? यदि राज्य सरकारों से कोआर्डीनेशन होता तो ठीक होता। मैं आज गर्व से कहना चाहता हूं कि जब महाराष्ट्र में बाला साहब ठाकरे जी के नेतृत्व में हमारी सरकार थी, तब हमने पांच सालों तक पांच मुख्य वस्तुओं के दामों में कोई बढ़ोतरी नहीं होने दी, जनता को उसी दाम में वे वस्तुं दी गई। उस समय गेहूं की कीमत 5 रुपये किलो थी, 4 रुपये क्षेत्र में था, आदिवासी क्षेत्र में 3 रुपये किलो दिया जाता था और बाजार में 11 रुपये किलो था। चावल के दाम 7.90 रुपये और 7.50 रुपये थे। शक्कर का दाम 9.05 रुपये था और खाद्य तेल 32 रुपये का था। हमने पांच सालों तक इन चीजों के दामों में बढ़ोतरी नहीं होने दी। जब राज्य सरकार इतना कंट्रोल कर सकती है तो केन्द्र सरकार क्यों नहीं कर सकती। फर्टीलाइजर कम्पनियों को एक लाख करोड़ रुपये की सब्सिडी देने की बाद हो रही है। इस बारे में राम विलास पासवान जी का स्टेटमैंट आ रहा है। इस कारण आने वाली फसल के समय बहुत मुश्किल होने वाली है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आप सुझाव दे दीजिए।

श्री चंद्रकांत खैरे : सबसिडी नहीं मिलने के कारण उन्होंने अपना प्रोडक्शन कम कर दिया है, यानी अगली बार किसान और मर जाएगा।...(व्यवधान) मैं कहना चाहता हूं कि किसानों को प्रोत्साहन देना चाहिए। आज महाराष्ट्र और दूसरी कई जगहों पर छोटे-छोटे व्यापारियों के वहां छापा मारा जा रहा है कि उन्होंने अपने घर में ज्यादा स्टॉक रखा हुआ है। बड़े मॉल्स वालों पर छापा क्यों नहीं मारा जाता। कई कम्पनियां जैसे अदानी एक्सपोर्ट्स, रिलायंस आदि एक्सपोर्ट करती हैं, काफी स्टॉक रखती हैं। कौन से अधिकारी उनके वहां जाकर स्टॉक चैक करते हैं।...(व्यवधान) मैं कहना चाहता हूं कि वायदा बाजार बंद होना चाहिए, मॉल्स वालों पर कंट्रोल होना चाहिए।...(व्यवधान) आदरणीय शिवराज पाटील ने हाई लैवल कमेटी के बारे में कहा। ...(व्यवधान) यदि हाई लैवल कमेटी सीरियस और सिनसेयर होगी तभी काम होगा, नहीं तो वह सिर्फ जाकर देखेगी, कुछ करेगी नहीं। इस बारे में ऐसा डिपार्टमैंट खोलना चाहिए जो रोज यह देखे कि कहां किस चीज के दाम में बढ़ोतरी हो रही है। किसान और व्यापारियों के बीच दलाली बंद होनी चाहिए...(व्यवधान)

राज्य सरकार अपना कर्तव्य निभाती है, लेकिन केन्द्र सरकार का कोआर्डीनेशन भी होना चाहिए। यूपीए सरकार की कोई प्लानिंग नहीं होने के कारण आज जनता रोटी, कपड़ा और मकान के लिए तरस रही है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि यदि महंगाई कंट्रोल नहीं हुई तो रोज एजीटेशन होते रहेंगे। यूपीए सरकार के साथी कहते थे कि हमने बहुत अच्छा बजट दिया है। लेकिन महंगाई के कारण उनका नुकसान हो रहा है।...(व्यवधान) आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

अध्यक्ष महोदय : आपने बहुत अच्छे-अच्छे सुझाव दिए हैं, इसके लिए आपको बहुत बधाई देते हैं।

श्री चंद्रकांत खैरे : यह मुद्दा बहुत सीरियस है। यूपीए सरकार के लोगों को देश में सब जगह आन्दोलन का सामना करना पड़ेगा।...(व्यवधान)

SHRI KHARABELA SWAIN (BALASORE): Mr. Speaker, Sir, inflation is a covert tax imposed upon the unsuspecting common man, that is, the *Aam Admi*. Inflation not only reduces the level of business investment but also the efficiency with which production factors are put to use. Let us now see how the representatives of the Government react to the ugly phenomenon of price rise.[R37]

[r38]When the hon. Member from the Congress Party, Shri Sachin Pilot was speaking, he is a new Member, I did not intervene. I had requested him to remain present after his speech because I knew that he would not remain present after his speech. I did not reply to him at that time, but I had requested him to wait and listen when we speak. But as usual, he is not present. He said that the price rise has propped up its ugly face because of the traders and because of the black-marketeers and hoarders who form the backbone of BJP. That is what he said.

I remember, in 1998, when BJP was in power, the price of onion went up to Rs.60 per kg. During Delhi State election, the Congress people had the garlands of onions and moved around everywhere saying that the onion prices have gone up. We lost the election. After some days the prices of leather went up. I was wondering whether the Congress people would wear the garlands of shoes around their necks and would move around. They did not do that.

Now, I would request them that since the prices of cement has gone up, they should wear the garlands of cement bags, we will help them, and move around as they have already shown the example in 1998.

Sir, see the reaction of the Government starting from the Prime Minister. The Prime Minister says that it is difficult to stop the inflation. The hon. Minister, Shri Kapil Sibal says that there is no magic wand to stop it. Just like that, during Emergency, Madam Indira Gandhi said that the corruption was a world-wide phenomenon. We cannot stop that.

The Prime Minister also said that because of the waiver of the farmers' loans, the UPA Government is paying for the unpaid bills left by the NDA Government. This is the reaction of the Government. One representative of the Government said that the price rise is seasonal. The other said that it is a natural consequence of rapid economic growth.

Sir, China has made rapid economic growth for the last one or two decades, but its inflation currently is below two per cent. How do they say that it has been able to remain at a very low level? Is not it that they are also having high growth since

last so many years?

Now, they talk about supply constraint, supply-demand mis-match and all these things. This is the language that they are using now that it is supply-side constraint. These are the reasons given for the hike in prices. But I will say that this Government cannot escape the responsibility for its gross failure in containing inflation. It cannot because the rise in inflation and price rise is a direct result of the policy, the flip-flops of this Government.

On March 15th, the inflation was 6.68 per cent, and on the week-ending on March 22, it was 7 per cent and on March 29th, it was 7.41 per cent. Here, I am putting another question to the Government. Is the WPI, the Wholesale Price Index, also correct? Is the data collected by the WPI correct?

The Government itself says the same thing that in the market the price of rice has gone up by 20 per cent, the price of edible oil has gone up by 40 per cent, price of milk products has gone up by 12 per cent, and the price of pulses has gone up by 20 per cent. How do they say that the inflation is only 7.4 per cent? It is much more.[r39]

It is because they have not taken into calculation many of the items whose price remained high for the last so many months. Due to lack of time, I will not give the details as to which are those items. The price of daily useable items like biscuits, grocery, electrical machineries, electrical appliances, drugs and medicines is high for the last several months. Now, what has the Government done? It has banned the export of wheat and pulses. The export duty on rice per tonne has gone up. The Government has increased it by 1,000 dollars. The Government has imposed a ban on non-basmati rice. Instead of protecting the Indian farmers from cheap imports, the Government is encouraging import of so many food items in order to curb inflation.

Now, the Government will have to set its priorities right. What is its policy? In one way the Government wants to benefit the farmer and in the other way it wants to contain the inflation. What is to be done? If you give more to the farmer, then naturally there will be an inflationary trend. If you do not want inflation, then why are you talking about giving much benefit to the farmer? The Government probably thinks that if there is hoarding by some people, it is bad for the nation. But if there is hoarding by the nation by banning export, then it is good for the world. The Government itself is saying that because there is a worldwide phenomenon of increase in food price, and that is the reason why India is being affected. Now, you see as to why there is a worldwide increase in the price of food items. It is because there is a shortage of food items everywhere. Everybody says that one-third of corn and one-third of sugarcane in America are utilised not for food stock but for bio-fuel. That is what we are saying. Take the case of Africa. They are suffering. There are so many food riots in Africa. Take the case of Burkino Faso, Gabon and other countries, about which we never heard. You are again saying that you are stopping export. It will further increase the food prices in the world, and the further increase in food price in the world will also impact India. The farmers of India know as to what is the market price all over the world. So, they will hoard wheat and rice, and whenever the price of wheat and rice picks up, they will release them into the market. Then, what will be the impact? That means, the food procurement by the Government will fail. It has already failed. So, this is the confusing state of mind that this Government is having. It does not know whether to contain inflation or to give more price to the farmers.

Sir, I now come to another point. Now, the Government has banned the export of basmati rice. How does the export market work? ...(*Interruptions*)

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND MINISTER OF CONSUMER AFFAIRS, FOOD AND PUBLIC DISTRIBUTION (SHRI SHARAD PAWAR): Non-basmati rice.

SHRI KHARABELA SWAIN (BALASORE): I am sorry. The Government has banned the export of non-basmati rice. How does the export market work? Orders are placed well in advance, and exporters are expected to adhere to their commitments. So, you have allowed the farmers to export it and they have made a commitment in the world market. Now, all of a sudden, you have stopped it. Then, what will happen to the farmer? This is the confusion. Once you thought that you should allow the farmer to get his fair price even outside this country, you have allowed him and he made a commitment. Now, all of a sudden you have asked the farmer not to export it.[H40]

So, that is their confusion, which I am just placing before you. When there is a glut, the Government prefers to call India a Free Economy and refuses to provide better Minimum Support Price because the stock is in plenty; when prices are strong internationally, the Indian exports are also strong and the Government bans the exports. So, I am accusing this Government of this confusion, which it is having.

Sir, when the UPA Government came to power, there was a triangle of three great economists, namely, the hon. Prime Minister himself, the hon. Finance Minister and the Deputy-Chairman, Planning Commission, Dr. Montek Singh Ahluwalia. But what was their policy with regard to agriculture? The agricultural commodity market is littered with Government bungling and policy flip-flops. That has now reached its crescendo. From time to time, all that the Government has done is to just ban the

exports including non-basmati rice, suspend the Future Trading on some commodities and increase the Minimum Support Price. This is the only thing, which this Government has done. It is only some panic reactions, and nothing else, which this Government has done. The Government has not bothered to address the issue of declining acreage. It has failed to meet the rising demand; it has failed to anticipate it.

Sir, as regards global production scenario, about seven-eight days back, there was a news-item in *The Telegraph*, which is published from Kolkata, saying that since last two years, the hon. Prime Minister has indicated to the hon. Agriculture Minister to look into these cases. But he did not. That was the news-item published in *The Telegraph.* You cannot say that it is the BJP's paper, which has made this allegation. This was the allegation made by *The Telegraph.* All the time, the hon. Agriculture Minister is saying that it is all because of the changing consumption of commodities and services in India. He is saying that the food habits have changed; nowadays, even the South Indian people are eating *roti*; they are also demanding wheat. He also cited the reasons that there is a fluctuation in the world production of wheat, supply-demand mismatch, and the private trade offering prices above Minimum Support Price due to which the prices of food commodities have been increasing.

Sir, the overall food production in 2007-08 was expected to reach some sort of a target but it has fallen to reach the target by 2.2 million tonnes. The production of wheat has plateaued since 1999-2000. At that time, it was 76 million tonnes, and in 2006-07, it had come down to 72.5 million tonnes. During 1990-2007, the growth of food grain production has decelerated by 1.2 per cent. But the growth of population is 1.9 per cent. Now, the population is increasing but the food grain production is not increasing in proportion to increase in population. So, there is a mismatch. And, this Government is there at the Centre for the last four years. If they do not anticipate it, if they do not foresee it, then who will do it? They are merely saying that the States are not doing anything, the States are not going after the hoarders. Did they say the same thing in 1998? What did their Governments in Madhya Pradesh, Rajasthan or Delhi do at that time? They said: "The price of onion has gone up to Rs. 60 a kilo in the regime of NDA Government. Let us come back again in the States." They did not think on the same lines as to what they are saying now, that is, they are doing their best, they cannot do anything more. We also said the same thing at that time. But what did they tell the people? At that time, they told the people that 'it was because of the hoarders, the *marwadis* of the BJP only that the prices have gone up. They are also playing the same old broken record now.

Your speakers are also saying this. Lastly, before I conclude, I will come to one or two points.

There should be production. This is very clear that if you want to contain inflation and reduce the prices of food, increasing the productivity in the agricultural sector is the only way to bring down the prices of food. There is no other way. So, we have to look at the stagnant acreage hindering the increase in production. More and more farmers are suffering or shifting away from cereals and foodgrains to cash crops, such as cotton, sugarcane, cardamom, jute, etc.

Please give me two or three minutes more. The hon. Agriculture Minister, the very capable Minister, is sitting in front of me. I am asking him this question. Now are the farmers committing suicide? Which farmers are committing suicide? No farmer commits suicide in Orissa, West Bengal and in Bihar. Those farmers, who grow paddy, do not commit suicide. It is rather the better off farmers only in the States of Karnataka, Andhra Pradesh, Maharashtra and Gujarat, who grow cotton, jute and sugarcane, commit suicide. They are the people who are committing suicide, not the grain growers and the growers of wheat. Nobody commits suicide in Punjab or in Haryana or in Orissa or in West Bengal. So, let us find out the reason why the farmer is committing suicide.

This year's *Economic Survey* says that the production-target set by the Government for jute, sugarcane and cotton has gone beyond the target. Production is more. That is why, they are not fetching the price, and they are committing suicide. So, my appeal is this. The hon. Agriculture Minister is there, and one of the very influential Ministers, the Home Minister, Shri Shivraj Patil is also there.

I have several times fought with everybody in the Standing Committee on Finance. What about the Crop Insurance Scheme? In regard to Crop Insurance Scheme, your rule says that the entire block is a unit. If the crop is destroyed all over the block, then only the farmer will get the benefit of insurance claim. When the crop loan is being given to the farmer, two per cent insurance dividend is being cut by every cooperative bank from his penny, from the money that is being given to him. This is happening in the cooperative banks and not in the commercial banks. You take the installment from him in advance. But when his crop is lost, you do not give him a single penny because you say that the crop is not lost in the entire block. So, we demand, and we have demanded several times before the hon. Prime Minister and hon. Finance Minister, that you make the Gram Panchayat a unit. But the officers, in the Standing Committee and everywhere, said that they did not have people with crop cutting experience. If you cannot do the crop cutting, then leave it to the State Governments. Give it to the Panchayat Samiti. Let them do it.

You are capable of giving Rs.60,000 crore of loan waiver but you cannot give Rs.10,000 or something for the Crop

Insurance Scheme. You cannot provide that. How much have you provided? It is Rs.200 crore or Rs.300 crore. So, why do you not do that? My appeal to you is that this Government should seriously consider it.

There was a point raised with regard to PDS. My appeal, through you, to this Government is that you simply eliminate the control dealership business. Why should there be a control dealer? Everybody is coming to you saying make me the control dealer. Why? It is because he will sell everything in the black-market. So, my point is this. Why do you not introduce something like a food coupon? The Jammu and Kashmir Government has done it. The Bihar Government has also introduced it. It is necessary so that the PDS rice and PDS wheat could be targeted. The right person will get it. The real BPL person will get it. It will not be taken by the black-marketeers. It will not be sold in Bangladesh or in Nepal as the reports just come. So, my appeal to you is that you kindly do this.

A point was raised on forward trading by hon. Yadavji.[m41] I do not think that because of the forward trading the prices are rising. Forward trading is a system through which the Government gets an indication as to how much of food grains the Government is going to expect in future. I do not think that merely by saying that because of the forward trading the prices are increasing is correct. I do not agree with that. The Government should seriously consider it.

Finally, I will say that the food production in India has not stagnated. You go to China and see how much food production is being done in China and how much is the acreage. You will see that there is a scope of 50 per cent increase in food production in India. If you try you can do that.

Lastly, when the Government says, when the hon. Prime Minister himself says that it is very difficult to contain the price rise, it means that there is a serious economic crisis and the Government is incapable of dealing with this economic crisis. So, it is better that this Government is thrown out of the *gaddi.* The sooner this Government goes, a new Government comes the better it is; they will check the inflation so that the real *aam aadmi* will be benefited once they go out. Thank you very much.

MR. SPEAKER : Thank you very much. Shri Sandeep Dixit to speak now.

श्री सन्दीप दीक्षित (पूर्वी दिल्ली) : अध्यक्ष महोदय, आज की बहुत महत्वपूर्ण चर्चा में मैं भाग ले रहा हूं। मेरे जितने साथियों ने अपनी बात कही, मैं उनकी बातें बहुत ध्यान से सुन रहा था। गुरुदास जी ने बहुत भावुक तरीके से इस चर्चा को प्रारम्भ किया और अलग-अलग पार्टियों के सदस्यों ने अपनी बात कही। श्री स्वाई जब भी अपनी बात कहने के लिए उठते हैं, मैं बहुत ध्यान से इनकी बात सुनता हूं। कई बार इनसे सीखने को मिलता है, लेकिन आज मैं इनकी बातों से थोड़ा बहुत कंफ्यूज्ड हूं। मुझे मालूम नहीं है कि इन्होंने जो विचार अभी सदन में रखे, वे इनके व्यक्तिगत विचार हैं या पार्टी के विचार हैं। कई बार मैंने इनकी पार्टी के नेताओं को बार-बार कहते सुना है कि जो निर्यात नीति है, जैसे हम फूड ग्रेंस का या दूसरी चीजों का निर्यात करते हैं, जब तक उनका निर्यात नहीं रुकेगा, तब तक प्राइसिस का स्टेबेलाइजेशन नहीं हो सकता है। स्वाई जी ने एक दूसरी आर्थिक नीति की सोच समझ को सदन के सामने प्रस्तुत किया है। स्वाई जी ने सरकार के लिए कंफ्यूजन की बात कही है, मेरे ख्याल से बीजेपी के अंदर की जो कंफ्यूजन है, ये इनके वक्तव्य से ज्यादा साफ रूप से बाहर आती है। बीजेपी का प्रबल वक्ता कुछ और कहता है और इससे पहले सुमित्रा जी ने जो बात कही, वह बिल्कुल विपरीत कही। स्वाई जी, मैं इसलिए नहीं बोल रहा हूं कि आपको करेक्ट करूं, लेकिन इतना जरूर कहना चाहूंगा कि चाइना में इस समय इंफ्लेशन रेट 8.27 परसेंट के करीब है। हमारे कुछ मित्रों के लिए चाइना आदर्श राज्य भी है, लेकिन मैं यह भी बताना चाहूंगा कि चाइना में इंफ्लेशन रेट हिंदुस्तान से कहीं ज्यादा है।

अध्यक्ष महोदय, महंगाई का जो भयंकर रूप इस देश में देखा जा रहा है, सुबह से इस बारे में बहुत चर्चा हुई है। हर व्यक्ति ने निजी अनुभव से भी और सरकारी आंकड़े पेश करके भी अपनी बात प्रस्तुत की है। दो चीजें मुझे स्पष्ट रूप से दिखाई देती हैं, गेहूं और चावल, ये हमारी दो मुख्य खाद्य पदार्थ हैं। इनकी कीमतें बढ़ी हैं, लेकिन मेरा अनुभव दिल्ली की मार्केट्स का है, जो मेरा क्षेत्र है, चाहे शाहदरा मार्केट की बात कहूं, चाहे नरेला की बात कहूं या चाहे न्यू अशोक नगर की बात कहूं, यहां खाने के पदार्थों में जो बढ़ोतरी हुई है, वह उस तरह से नहीं हुई है, जिस तरह की पिक्चर बार-बार प्रस्तुत की जाती है। इसके पीछे कारण है कि पिछले कुछ वर्षों से कम से कम कृषि में एक तरीके का निवेश किया गया है। सरकार की तरफ से कोशिश की गई है कि कृषि में जिस तरह की कमजोरियां हमें दिखती थीं, जिस तरह के निवेश की कमी कृषि में हमें दिखती थी, उस कमी को दूर किया जाए। आज दुनिया में भले ही दूसरी चीजों में भयानक रूप से प्राइज बढ़ा हो, वीट का प्राइज शायद 90 प्रतिशत बढ़ गया है, पैडी या राइस का शायद 110 प्रतिशत बढ़ गया है, किसी दूसरी चीज का 200 प्रतिशत प्राइज बढ़ गया है, लेकिन हमारे देश में आज भी आटे और चावल की कीमत नियंत्रण में है। मैं मानता हूं कि 13 रुपए की जगह 14 रुपए कीमत हो गई होगी, 14 रुपए की जगह 15 रुपए कीमत हो गई होगी, लेकिन ऐसी हालत नहीं हुई है, जिसे लोग सामने रख रहे हैं। मैं सिर्फ रिकार्ड के लिए यह बात आपके सामने रखना चाहता हूं।[R42]

सबसे ज्यादा तर्क की स्थिति बन रही है, वह एडिबल ऑयल की बन गई है, उसका भी एक कारण है। हम लोग इसमें 30 से 40 परसेंट बाहर के लोगों पर निर्भर रहते हैं। सबसे ज्यादा भयानक स्थिति स्टील, सीमेंट की बन रही है। इन तीनों के लिए सरकार ने कदम उठाए हैं। जहां तक स्टील, सीमेंट या दूसरे पदार्थों की बात है, हमने जब से उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की नीति अपनायी है, प्राइवेट सैक्टर में एक तरह का अहंकार दिखायी देने लगा है। वामपंथी मित्रों या मोहन सिंह जी ने बात की तो कहा कि सरकार का वह चेहरा जिसे लेकर जनता कभी-कभी अपना आक्रोश प्रकट करती है, जनता के अहित का काम होने के बाद अगर वह घबरा कर पीछे हटने का काम करेगी तो उसे सामने लाने की आवश्यकता पड़ेगी । अगर स्टील, सीमेंट इंडस्ट्री के लोग सरकार को खुले रूप में कह सकते हैं कि आप चाहें या न चाहें, हम कीमतें कम नहीं करेंगे, सरकार के कहने के बावजूद या किसी दलील के बाद सीमेंट 14-15 रुपए बोरा ही बढ़ना चाहिए, 40 रुपया बोरा नहीं, पूंजीपति सरकार के सामने आकर कहते हैं कि आपकी बात को हम नहीं मानेंगे, ऐसे में मैं सरकार से आग्रह करूंगा कि उसके पास बहुत शक्ति है, वह उसे चेहरे को सामने लाए जिसे लेकर देश की जनता सरकार को कोसती है। सरकार में वह दम है। जब आवश्यकता पड़ती है, इसी सरकार ने बार-बार उस चेहरे को सामने लाकर दिखाया है। उसने पिछले दो-तीन साल में बहुत उदारता दिखायी है। अब उस उदास चेहरे को पीछे हटाने की आवश्यकता है। एक भी क्षेत्र में अगर सरकार आगे बढ़ कर उस चेहरे को दिखाएगी तो कीमतों में अपने आप कहीं न कहीं फर्क पड़ेगा। फर्क पड़ा है। बार-बार बात हो रही थी कि क्या राज्य सरकारों ने अपने कर्त्तव्य का निर्वहन किया है? जब रेड्स की बात आ रही थी तो स्वाई साहब ने उदाहरण दिया कि 1998 में उस समय की राज्य सरकार ने रेड्स नहीं डाले थे। बात गलत है। उस समय राजस्थान में भाजपा की सरकार थी, दिल्ली में भाजपा की सरकार थी। अगर

इन दोनों ने अपने-अपने इलाकों में रेड्स डाले होते तो अच्छा होता। दिल्ली में कांग्रेस की सरकार आने के बाद तुरन्त प्याज पर रेड पड़ी थी और 15 दिन के अन्दर प्राइज गिरे थे। यह काम उनके यहां की सरकारें कर देती तो दिल्ली और राजस्थान का चुनावी इतिहास कुछ और होता। आज फर्क पड़ा है। मैं उदाहरण देना चाहूंगा। बार-बार हर किसी ने अपने राज्य का उदाहरण दिया है। इसलिए मैं दिल्ली का उदाहरण देना चाहूंगा और मेरे पास दिल्ली के आंकड़े भी हैं। कहा गया कि और राज्य सरकारों को क्यों नहीं कॉन्फिडेंस में लिया गया है? यह बात गलत है। प्रधान मंत्री जी का एक पत्र सभी मुख्यमंत्रियों के लिए था कि एस्मा एक्ट के अन्दर तुरन्त कार्रवाई करिए। मैं दिल्ली का छोटा सा उदाहरण देना चाहूंगा। दिल्ली में 5-6 दिनों में 200 जगह रेड्स पड़े जिस में 96 एलपीजी के गोडाउन्स थे, 30-35 बड़े गोडाउन्स थे। इन रेड्स में दिल्ली में दो हजार क्विंटल व्हीट, तीन लाख क्विंटल चावल, एक लाख नौ हजार लीटर तेल और दस हजार क्विंटल से ज्यादा प्लास्टिज होर्डिंग्स का पकड़ा गया है। केवल तीन या चार दिन की रेड के बाद इतना माल पकड़ा गया है। मैं पेपर से कोट कर रहा हूं। अपनी तरफ से कुछ कोट नहीं कर रहा हूं। ये वही पेपर्स हैं जो बार-बार दिखाते हैं कि हमारी सरकार महंगाई को कंट्रोल करने में निकम्मी हो गई है, वही कहते हैं कि

> "In Delhi, spot prices of *chana* have fallen 7.7 per cent â€¦ of rice and wheat have fallen substantially by over 20 per cent following the raids done all over Delhi's godowns."

सरकार अगर चाहे तो उन जगहों में जहां वह कंट्रोल कर सकती है, इस काम को कर सकती है। महाराष्ट्र, दिल्ली में रेड्स हुए हैं। मैं नहीं जानता कि बिहार, उत्तर प्रदेश, उडीसा या अन्य राज्यों में रेड्स हुए हैं या नहीं, या राजस्थान, मध्य प्रदेश में रेड्स हुए हैं या नहीं? वहां क्यों नहीं हो रहे हैं? मुझे शक होता है कि कहीं ऐसा न हो कि इन राज्यों की सरकारें कभी न कभी अपनी दलगत राजनीति को देश हित और गरीब हित से पहले आगे रखते हों। आप बताएं कि कभी इन राज्यों में रेड्स पड़े हैं? मुझे बताएं कि कहां किन-किन गोदामों में क्या-क्या चीजें पकड़ी गई हैं? दिल्ली एक छोटा राज्य है। अगर एक राज्य में डेढ़ लाख लीटर तेल तीन दिन में पकड़ा जा सकता है तो राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात में होर्डिंग्स क्यों नहीं हो रही हैं? अगर उन राज्यों में होर्डिंग नहीं हो रही है तो बताया जाए कि उन राज्यों में क्यों होर्डिंग नहीं हो रही है? राज्य सरकार हो या भारत सरकार हो, दोनों सरकारें महंगाई को लेकर साथ-साथ काम करती हैं। ...(व्यवधान) मैं वैस्ट बंगाल पर भी आ रहा हूं। वहां भी ऐसा होता है। वैस्ट बंगाल के मित्र बैठे हैं। ...(व्यवधान)

श्री हरिन पाठक (अहमदाबाद) : होर्डिंग्स से प्राइज राइज नहीं होता है।

MR. SPEAKER: No, he has not yielded. This is an important debate. Let every Party has its say.

...(*Interruptions*)

श्री सन्दीप दीक्षित : आपका कहना है कि होर्डिंग से कीमतें नहीं बढ़ सकती हैं, यह तो अलग-अलग बातें हैं।

MR. SPEAKER: He is speaking well.

...(*Interruptions*)

श्री सन्दीप दीक्षित : यह इस तरह का दुर्भाग्यपूर्ण कमैन्ट है, जैसे कभी हमारे प्रधान मंत्री जी ने केवल एक व्यवस्था को सामने रखते हुए कहा था कि इंफ्लेशन का कंट्रोल डिफिकल्ट है और उस बात पर आप अड़ गये। आप यह कहते हैं कि किसी प्रधान मंत्री की तरफ से ये शब्द नहीं आने चाहिए। मैं इस समय बहुत मायूस हूं, अगर आप यह कहते हैं कि होर्डिंग के कारण प्राइस नहीं बढ़ते हैं। जिस देश ने कालाबाजारी के कारण चालीस साल गरीबी झेली है, उस सदन में लोग कहें कि होर्डिंग के कारण प्राइस नहीं बढ़ते हैं, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बात है। जिस देश को कालाबाजार ने रेन्सम पर रखा हुआ था, जिस देश की पूरी राजनीति इसलिए चली है कि सिर्फ हम कालाबाजारियों के खिलाफ और होर्डिंग के खिलाफ हैं, आज आपकी पार्टी उनका समर्थन कर रही है। आज आप लोग कहते हैं कि होर्डिंग के कारण प्राइसेज नहीं बढ़ते हैं। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बात है। ...(व्यवधान) यह पहली बार मैंने सुना है...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: No, do not record anything.

*(Interruptions) â€¦ **

MR. SPEAKER: Why are you feeling disturbed? Do not record anything.

*(Interruptions) â€¦ **

MR. SPEAKER: Nothing will be recorded. Please do not do this.

*(Interruptions) â€¦**

MR. SPEAKER: Mr. Harin Pathak, this is very unfortunate.

...(*Interruptions*)

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पवन कुमार बंसल): पाठक जी, अचानक बीच में बोलना शुरू कर देते हैं। ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: You have got other Members to speak from your Party. Let them reply to it. You cannot disturb a Member.

...(*Interruptions*)

श्री पवन कुमार बंसल : इनके सदस्यों ने क्या कुछ नहीं कहा।...(व्यवधान)

SHRI MADHUSUDAN MISTRY (SABARKANTHA): We did not disturb them when they were leveling charges against us.

...(*Interruptions*)

* Not recorded.

MR. SPEAKER: He is entitled to reply. Nothing else is being recorded. यह ठीक नहीं है।

*(Interruptions) â€¦ **

MR. SPEAKER: You have got other Members to speak from your Party.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Please do not record one word except the hon. Member.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Mr. Mistry, do not disturb your own Member. यह ठीक नहीं है। वह बहुत अच्छा भाषण दे रहे हैं।

...(*Interruptions*)

